




सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25


# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच


आवश्यकता है

मीडिया हाउस में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।

(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा , सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 25 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 7 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर



### गुंडरदेही में भाजपा प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं से मारपीट, थाने पहुंची शिकायत

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में विधानसभा चुनाव के बीच गुंडरदेही विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र साहू के कार्यकर्ताओं से मारपीट की खबर है। घटना सोमवार आधीरात के बाद की बताई जा रही है। इस मामले में भाजपा प्रत्याशी वीरेन्द्र साहू गुंडरदेही थाने में शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार गुंडरदेही थाने में भाजपा प्रत्याशी ने जानलेवा हमले की शिकायत दर्ज कराई है। वीरेन्द्र साहू ने अपनी शिकायत में बताया कि सोमवार देर रात लगभग 1 बजे वे अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार के बाद अर्जुंदा से वापस लौट रहे थे। वे सिकोसा होते हुए अपने गांव बेलौदी जा रहे थे इस बीच एक कार और मोटर साइकिल में बैठे कुछ लोगों ने उनका पीछा किया। वीरेन्द्र साहू का आरोप है कि कार व मोटर साइकिल सवारों ने उनका रास्ता रोका और कार्यकर्ताओं कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट कर उनके साथ गाली-गलौज की। वीरेन्द्र साहू ने इस मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाया है। फिलहाल गुंडरदेही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मतदान के बीच सुकमा में बूथ के पास नक्सली हमला, सुरक्षाबलों ने की जवाबी फायरिंग

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के प्रथम चरण के 20 सीटों पर मतदान जारी है। सुबह से ही मतदाता अपने मतों का प्रयोग करने मतदान केंद्र के बाहर लंबी कतारें लगा कर खड़े हैं। इस बीच सुकमा से बड़ी खबर सामने आई है। यहां एक बूथ में नक्सलियों द्वारा फयरिंग की गई। सुरक्षा कर्मियों ने भी फयरिंग का जवाब दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार सुकमा में बांदा मतदान केंद्र से करीब दो किलोमीटर दूर बाहरी घेरे में तैनात डीआरजी जवानों पर नक्सलियों ने फयरिंग कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की। सुकमा पुलिस ने बताया कि 10 मिनट बाद नक्सलियों की ओर से गोलीबारी बंद हो गई। दूरमा और सिंगाराम के जंगल में नक्सलियों ने बीजीएल दागे। नक्सली मतदाताओं को रोकने का प्रयास कर रहे थे। भारी संख्या में सीआरपीएफ और डीआरजी की टीम मौके पर तैनात है। कोई हताहत नहीं है। सभी जवान सुरक्षित हैं और मतदान जारी है।



### बस्तर के कई गाँवों में पहली बार वोटिंग

बस्तर जिले में कई ऐसे गांव हैं, जहां लोगों ने आज तक वोट नहीं डाला है। अच्छी बात यह है कि इस बार इनमें से कई गांवों में पहली बार मतदान सम्पन्न होता रहा। ऐसे लोग जिन्हें मतदान करना होता था, उन्हें कई किलोमीटर दूर स्थित मतदान केंद्रों तक पैदल चलकर वोटिंग करने जाना होता था। नक्सलियों के खतरे के बीच ऐसे कई गांवों में मतदान केंद्र बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ के चांदामेटा जैसे गांव में भी अब पहली बार वोटिंग हुई। इसके लिए कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे। हालांकि, इन इलाकों में नक्सली लगातार विरोध करते रहे। वहीं, दंतेवाड़ा जिले के चेरपाल में 32 साल बाद पहली बार लोगों ने मतदान किया। यह इलाका बेहद विषम परिस्थितियों से घिरा है। इस बार यहां पहली बार मतदान केन्द्र बनाया गया था। विकास की दृष्टि से पिछड़ा रहा बस्तर क्षेत्र आगे चलकर नक्सल समस्या से बुरी तरह ग्रस्त हो गया था, जिसके चलते अनेक स्थानों पर यहां के निवासियों को मतदान की कभी कोई सुविधा नहीं मिली। लेकिन इस बार निर्वाचन आयोग ने उन इलाकों में भी मतदान केन्द्र स्थापित किए, जहां आज तक वोटिंग करने के लिए लोगों को दूर-दराज के क्षेत्रों में बेहद खतरनाक स्थितियों के बीच जाना पड़ता था। निर्वाचन आयोग के लिए इन इलाकों में मतदान दल भेजने से लेकर मतदान करवाने और मतदान दल के वापस लौटने तक बहुत बड़ी चुनौतियां थी।

## नक्सल क्षेत्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच वोटिंग, मतदाताओं में दिखा उत्साह

# 20 सीटों से सियासी जंग का आगाज़

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों का आगाज हो गया है। आज छत्तीसगढ़ और मिजोरम में वोटिंग जारी है। मिजोरम में जहां पहले ही चरण में सभी 40 सीटों पर वोटिंग चल रही है, वहीं छत्तीसगढ़ की 90 में से 20 सीटों पर मतदान दोपहर तक जारी था। कई नक्सल प्रभावित इलाकों में भी वोटिंग होने के कारण चुनाव आयोग ने वहां 60 हजार सुरक्षा बलों की तैनाती की है। चुनाव संपन्न कराने के लिए 25,429 कर्मचारियों को लगाया गया है। सघन नक्सल प्रभावित 10 सीटों के लिए आज सुबह 7 बजे वोटिंग शुरू हुई। यहां दोपहर 3 बजे तक ही मत डाले जाने हैं। वहीं बाकी सीटों पर शाम 5 बजे तक का वक्त मतदान के लिए तय है।

छत्तीसगढ़ की 10 सीटों मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ। जबकि बाकी बची 10 सीटों खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, पंडरिया और कवर्धा बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट में वोटिंग सुबह 8 बजे प्रारम्भ हुई। सुबह से ही मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में धीमी गति से मतदान चलता रहा। इस दौरान छिटपुट नक्सल घटनाएं भी हुई। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव में पहले चरण में 223 उम्मीदवार मैदान में है,जिनमें से 25 महिलाएं हैं। इस चरण में राज्य के 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 19 लाख 93 हजार 937 पुरुष और 20 लाख 84 हजार 675 महिलाएं हैं। इसके अलावा 69 थर्ड जेंडर भी मतदान करने वाले हैं। मतदान संपन्न कराने के लिए पहले चरण में 5,304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 25 हजार से ज्यादा चुनाव कर्मचारी तैनात रहेंगे। इन 5,304 मतदान केंद्रों में से 2,431 में वेब कास्टिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

### 2018 में जीती थी 20 में से सिर्फ 2 सीटें

जिन 20 सीटों पर आज पहले दौर का मतदान हुआ, 2018 के चुनाव में उनमें से सिर्फ 2 सीटें ही भाजपा के खाते में आई थी। ये दो सीटें दंतेवाड़ा व राजनांदगांव की थी। बाद में हुए उपचुनाव में दंतेवाड़ा सीट भी भाजपा के हाथ से निकल गई। पिछले चुनाव की ही बात करें तो कांग्रेस के पाले में उस समय कुल 17 सीटें आई थी। जबकि एक सीट जोगी कांग्रेस ने जीती थी। पहले चरण की 20 में से 12 सीटें अनुसूचित जनजाति (एसटी जबकि एक सीट अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित है। पिछली जीती हुई दो सीटों की बात करें तो इस बार राजनांदगांव में पार्टी ने अपने पूर्व मुख्यमंत्री व कद्दावर नेता रमन सिंह को फिर से मैदान में उतारा था। जबकि कांग्रेस से खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन चुनाव मैदान में उतरे। पिछली दफा यहां से डॉ. रमन के सामने कांग्रेस ने करूणा शुक्ला को उतारा था, जो 16,93 मतों से हार गईं थीं। वहीं दूसरी सीट दंतेवाड़ा की बात करें तो भाजपा के भीमा मंडावी ने कांग्रेस प्रत्याशी देवती कर्मा को 2172 मतों से हराया था। कांग्रेस जहां इन दो सीटों पर भी कब्जा करने की भरसक कोशिशें में जुटी रही, वहीं भाजपा ने कांग्रेसी चक्रव्यूह तोड़ने बस्तर में जमकर मशक्कत की।

### कई सीटों पर कम वोटिंग का आशंका

चुनाव आयोग के मुताबिक छत्तीसगढ़ में दोपहर तक करीब 30 प्रतिशत की वोटिंग हुई। कई सीटों पर हालांकि मतदाताओं में ज्यादा उत्साह नहीं दिखा। दोपहर यहां वोटिंग बेहद कम दर्ज की गई। सबसे खराब स्थिति बीजापुर जैसे इलाके की रही। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के क्षेत्र राजनांदगांव के साथ ही कोंटा, बीजापुर, जगदलपुर, डोंगरगढ़, खैरागढ़, मोहला मानपुर समेत कई अन्य क्षेत्रों में सुबह मतदाताओं ने वोटिंग के लिए उत्साह नहीं दिखाया। पहले चरण में दुर्ग संभाग की 8 व बस्तर संभाग की 12 सीटों पर वोटिंग चल रही है। लोकतंत्र के इस पर्व में छत्तीसगढ़ से कुछ बेहतरीन खबरें भी सामने आई। सुकमा में वोटिंग के लिए लोगों का उत्साह देखते ही बना। यहां 23 साल बाद मतदाताओं को वोटिंग करने मिली। इसके लिए लोग घर से बाहर निकले और पोलिंग स्टेशन पहुंचे। गृह मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए नक्सल जिलों में सुकमा भी एक है। यहां चुनाव होना लोगों के लिए बड़ी बात है। लेकिन सुकमा के कारीगुंडम में 23 साल बाद चुनाव हो रहा है। लोग इस लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेते दिखे। पोलिंग स्टेशन के बाहर लंबी लाईन लगी रही। यहां सीआरपीफ 150 बटालियन और जिला पुलिस बल पूरे सुरक्षा के साथ शांतिपूर्वक चुनाव कराते रहे। लेकिन जवानों की तैनाती और लोगों में सुरक्षा के भरोसे ने इस बार के चुनाव को खास बना दिया। इस साल विधानसभा चुनाव दो चरणों में हो रहा है। पहले चरण की वोटिंग आज 7 नवंबर को जबकि दूसरे चरण की वोटिंग 17 नवंबर को होगी। सभी पार्टियों ने अपनी पूरी ताकत झोक दी है।

# शाकिब बोले- मैंने नियमों के दायरे में रहते हुए यह सब किया, मैथ्यूज बोले-मैं कभी शाकिब और बांग्लादेश की इज्जत नहीं कर पाउंगा



**स्पोर्ट्स डेस्क/नई दिल्ली (एजेंसी)।** वनडे विश्व कप 2023 में बांग्लादेश और श्रीलंका के मैच में टाइम आउट के फैसले की वजह से काफी बवाल हुआ। मैच के बाद श्रीलंकाई खिलाड़ियों ने बांग्लादेशी खिलाड़ियों से हाथ भी नहीं मिलाया। मैच के दौरान मैदान के अंदर जंग के बाद अब एंजेलो मैथ्यूज और शाकिब अल हसन के बीच मैदान के बाहर भी जंग जारी है। दोनों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टाइम आउट को लेकर बयान दिया है। साथ ही एक दूसरे पर निशाना भी साधा है। मैथ्यूज ने विपक्षी कप्तान और टीम को लेकर कहा कि वह कभी इन लोगों की इज्जत नहीं कर पाएंगे। वहीं, शाकिब ने कहा कि यह जंग है और इसे जीतने के लिए वह कुछ भी करेंगे। मैच के दौरान श्रीलंकाई पारी के 25वें ओवर में मैथ्यूज बल्लेबाजी के लिए आए थे। वह दो मिनट तक गेंद का सामना करने के लिए तैयार नहीं हुए तो बांग्लादेश ने उनके खिलाफ टाइम आउट की अपील की और उन्हें वापस जाना पड़ा।

### क्या कहता है नियम?

क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अनुसार अगर कोई बल्लेबाज पिछला विकेट गिरने के तीन मिनट के अंदर खेलने के लिए तैयार नहीं होता है, तो विपक्षी टीम की अपील पर उसे आउट दिया जा सकता है। वनडे क्रिकेट में यह समय दो मिनट का है, जबकि टी-20 में 90 सेकेंड का है।

### सोशल मीडिया पर पूर्व क्रिकेटर्स की प्रतिक्रियाएं

पूर्व पाकिस्तानी गेंदबाज वकार यूनिस ने शाकिब की अपील को खेल भावना के विपरीत करार दिया। वहीं, पूर्व भारतीय ओपनर गौतम गंभीर ने लिखा- 'दिल्ली में जो हुआ वह बेहद निराशाजनक है।' ऑस्ट्रेलिया के ओपनर उस्मान ख्वाजा ने मैथ्यूज के टाइम आउट पर सवाल उठाया है। उन्होंने लिखा- 'मैथ्यूज को टाइम आउट कैसे दिया जा सकता है, जबकि वह क्रीज पर थे और उनके हेलमेट का स्ट्रैप टूट गया था। यह टाइम आउट कैसे हुआ। अगर वह क्रीज पर नहीं आते तो मैं टाइम आउट के पक्ष में होता, लेकिन यह गलत है।' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने लिखा- 'हेलमेट की दिक्कत के लिए टाइम आउट...यह क्रिकेट वर्ल्ड कप में नया है।' पूर्व भारतीय क्रिकेट मोहम्मद कैफने लिखा- शाकिब जीत पर भरोसा जरूर करें, पर किसी भी कीमत पर नहीं...यह घटना शर्मनाक है।

### खेल भावना पर क्यो बोले शाकिब

खेल भावना को लेकर शाकिब ने कहा, 'अगर यह नियम के खिलाफ है तो आईसीसी को इस पर गौर करना चाहिए और नियम को बदल देना चाहिए।' पत्रकारों द्वारा शाकिब को यह कहे जाने पर कि खुद को मैथ्यूज की जगह रखकर देखें और बताएं यदि आप के साथ ऐसा होगा तो कैसा महसूस करेंगे? इस सवाल के जवाब में शाकिब ने कहा, 'मैं सावधान रहूंगा और यह मेरे साथ नहीं होगा।' मैच को लेकर शाकिब ने कहा- जब हमने टॉस जीता तो हमें पहले गेंदबाजी का फैसला करने में कोई हिचक नहीं थी। हमने देखा था कि यहां ओस एक महत्वपूर्ण किरदार निभाता है। मेरे और शांतो के बीच जो साझेदारी हुई वह कमाल की थी। हमें मैच पहले खत्म करना था और विकेट कम गिरने देना था। हमें पता है कि युवा खिलाड़ी हमारी टीम का भविष्य हैं। इसी कारण से हम हृदोय जैसे खिलाड़ियों को बैक कर रहे हैं।

### शाकिब और बांग्लादेश की इज्जत नहीं कर पाऊंगा

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मैथ्यूज ने कहा- मैंने कुछ गलत नहीं किया। जब मेरे हेलमेट का स्ट्रिप टूटा तब भी दो मिनट होने में पांच सेकंड रहते थे। यह पूरी तरह उपकरण के अचानक बिगड़ने का मामला था। मेरे पास वीडियो का प्रूफहै। शाकिब और बांग्लादेश ने पूरी तरह से गलत किया है। यह पूरी तरह से खेल की छवि के खिलाफहै। मैं आज के बाद शाकिब और बांग्लादेश की इज्जत नहीं कर पाऊंगा। यहां तक अंपायर को भी इस ओर ध्यान देना चाहिए था। एक तरफक्रिकेटरों की सुरक्षा की बात की जाती है। अगर मेरा हेलमेट बिगड़ गया था तो मैं गेंदबाज के सामने बिना हेलमेट के कैसे खेल सकता था। शाकिब ने आज खेल को बदनाम किया है। मेरे 15 साल के करियर में कभी भी इस तरह से खेल की छवि खराब करने वाली घटना नहीं हुई।

## महादेव ऐप को लेकर निर्णायक मोड़ पर छत्तीसगढ़

श्रीकंचनपथ




ऐसा पहली बार हुआ है कि एक पूरे राज्य का चुनाव एक सट्टा-ऐप पर जा टिका है। इस मामले की ताजा स्थिति, उलटा चोर कोतवाल को डांटे वाली हो गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर को भी लगता है कि छत्तीसगढ़ कमर पर गमछा लपेटकर सुअर का शिकार करने वाले वनवासियों का प्रदेश है। उन्हें लगता है कि वह जो भी कहेंगे लोग उसपर यकीन कर लेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के पास आइटी अधिनियम की धारा 69ए के तहत वेबसाइट को बंद करने की सिफारिश करने का पूरा अधिकार था, जो राज्य सरकार ने नहीं किया। ऐसी सिफारिश ईडी की तरफ से आने के बाद ऐप को बैन किया गया। इस केन्द्रीय मंत्री को तो पता ही नहीं है कि महादेव ऐप के खिलाफ कार्रवाई छत्तीसगढ़ पुलिस ने ही शुरू की थी। छत्तीसगढ़ पुलिस ने 30 मार्च 2022 को इस ऐप के खिलाफ पहला मामला दर्ज किया था। इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस अब तक 450 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर करोड़ों रुपए के लैपटॉप, मोबाइल डिवाइस, चल-अचल संपत्ति जब्त करने के साथ ही लगभग 16 करोड़ रुपए के बैंक खातों को फ्रीज कर चुकी है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने मध्यप्रदेश, ओडिशा, दिल्ली और अन्य राज्यों में छापेमारी की है। जुलाई 2023 में छत्तीसगढ़ पुलिस ने इसके प्रमोटर्स और ऑपरेटर्स के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। ईडी ने भी छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा दर्ज मामलों का ही संज्ञान लेकर इसमें अपने हाथ डाले थे। दुर्भाग्य की बात केवल यह है कि इस ऐप को प्रमोट करने वाले छत्तीसगढ़ से हैं। मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल दोनों भिलाई के रहने वाले हैं। पर इस ऐप का संचालन दुबई से किया जाता है। इस ऐप पर दुनिया के किसी भी लोकेशन से बेटिंग की जा सकती है। पिछले डेढ़ साल से केन्द्रीय एजेंसियां इस मामले में मनी लांडरिंग को लेकर जांच कर रही है। इसके बावजूद यदि केन्द्रीय मंत्री कहते हैं कि छत्तीसगढ़ को ऐप को बैन करने का रिक्वेस्ट करना था, तो वह सफेद झूठ बोल रहे हैं। दरअसल, केन्द्र के पास भी ऐप को बैन करने से ज्यादा कुछ करने का अधिकार ही नहीं है। किसी ऐप को बैन कर देने पर संचालक उसका डोमेन बदल देते हैं। केन्द्र ने कई पोर्न वेब साइट्स को भी बैन किया हुआ है। सभी डोमेन बदल कर सक्रिय हैं। 2019 के लिए उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक भारत के 89 फीसद स्मार्टफोन यूजर पोर्न देखते हैं। महादेव ऐप के साथ भी यही हुआ। इधर ऐप बैन हुआ और उधर उसका नया डोमेन जारी कर दिया गया। वैसे भी वीपीएन सेवा तो है ही। जाहिर है कि इस फालतू काम को करने में केन्द्र की कोई दिलचस्पी नहीं थी। ईडी भी इस मामले में ऑनलाइन सट्टा की नहीं बल्कि मनी लांडरिंग की जांच कर रही है। वह तो छत्तीसगढ़ में चुनाव हो रहे हैं, इसलिए....।




## संपादकीय

### बार-बार भूकंप

नेपाल और उत्तर भारत में बार-बार भूकंप के झटकों से चिंता का माहौल है। सोमवार को आया ताजा झटका रिक्टर स्केल पर 5.6 का रहा, जबकि शुक्रवार रात आया झटका 6.4 तीव्रता का था। नेपाल में शुक्रवार 3 नवंबर को आए भूकंप की वजह से 150 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और सैकड़ों लोग घायल हो गए हैं। भारत ने भी राहत राशि नेपाल भेजी है और वहां बचाव कार्य जोर-शोर से चल रहा है। सोमवार शाम को आए झटके से नेपाल में विशेष रूप से चिंता की लहर है। बताया जा रहा है कि भूकंप का केंद्र उत्तर प्रदेश में अयोध्या से 233 किलोमीटर उत्तर में था। वास्तव में, नेपाल की जो भौगोलिक स्थिति है, वहां आने वाला कोई भी भूकंप भारत को अवश्य प्रभावित करेगा। 'नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी' के वैज्ञानिक संजय कुमार प्रजापति के अनुसार, ताजा भूकंप 3 नवंबर को आए भूकंप का अगला झटका है। वैसे अब तक 14 छोटे झटके आ चुके हैं। किसी बड़े भूकंप के समय छोटे-छोटे झटके आते हैं। सोमवार को दिल्ली में भी 10 सेकंड तक झटके महसूस किए गए हैं। आशंकाओं का बाजार गरम है, क्या 3 नवंबर को नेपाल में आया 6.4 तीव्रता भूकंप ही मुख्य था और उसके बाद लग रहे छोटे-छोटे झटके उसका असर हैं? दरअसल, विज्ञान अभी इस स्थिति में नहीं है कि भूकंप पर कोई पुख्ता अनुमान लगा सके। अफसोस, नेपाल के जाजरकोट में ज्यादा जनहानि हुई है और इससे बाकी नेपाल में भी दुख का माहौल है। नेपाल में बचाव के सभी उपाय किए जा रहे हैं और कमजोर इमारतों से लोगों को हटाया भी गया है। नेपाल के लोगों के मन में साल 2015 में आए भूकंप की यादें ताजा हो आई हैं। उस आपदा में करीब 9,000 लोग मारे गए थे। तब कई कस्बे, सदियों पुराने मंदिर और अन्य ऐतिहासिक स्थल मलबे में तब्दील हो गए थे और दस लाख से अधिक घर नष्ट हो गए थे। नेपाल को उस वक्त लगभग छह अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा था। नुकसान इस बार भी बहुत हुआ है और अभी कुल अनुमान लगाया जा रहा है। नेपाल में चूंकि सर्दियों के दिन शुरू हो चुके हैं, इसलिए चिंता ज्यादा है। भारत को नेपाल की हरसंभव मदद करनी चाहिए। ऐसे भूकंपों को न्यूनतम नहीं किया जा सकता, मगर उनसे होने वाले नुकसान को जरूर कम किया जा सकता है। दुनिया भर में प्राकृतिक आपदाएं हर साल औसतन 20 करोड़ से अधिक लोगों को प्रभावित करती हैं और दो करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हो जाते हैं। दक्षिण एशिया के देशों को तो विशेष रूप से सावधान रहना चाहिए, क्योंकि हिमालय से लगा हुआ पूरा इलाका भूकंप संवेदी है। हिमालय से सटे तमाम देशों को प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए अपनी अलग व्यवस्था भी करनी चाहिए। यह व्यवस्था दक्षेस के मंच से भी हो सकती है। आपदा के समय दक्षिण एशिया के देश एक-दूसरे के ज्यादा काम आ सकें, सूचनाएं साझा कर सकें, एक-दूसरे को बचाव सामग्री मुहैया करा सकें, इसके लिए पुख्ता तौर पर साझा आपदा प्रबंधन ढांचा तैयार रखना चाहिए। बेहतर सहयोग के लिए परस्पर विवादों से ऊपर उठना जरूरी है। भारत इस दिशा में आगे बढ़कर पहल कर सकता है। ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए दक्षिण एशिया के देशों को अपनी आर्थिक स्थिति में परस्पर बेहतर समन्वय के साथ सुधार करना होगा। इन देशों में परस्पर बेहतर संबंधों की बड़ी जरूरत है। निस्संदेह, बार-बार आ रहे झटके किसी चेतावनी से कम नहीं हैं।

> “ उस आपदा में करीब 9,000 लोग मारे गए थे। तब कई कस्बे, सदियों पुराने मंदिर और अन्य ऐतिहासिक स्थल मलबे में तब्दील हो गए थे और दस लाख से अधिक घर नष्ट हो गए थे। नेपाल को उस वक्त लगभग छह अरब डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा था। नुकसान इस बार भी बहुत हुआ है और अभी कुल अनुमान लगाया जा रहा है। नेपाल में चूंकि सर्दियों के दिन शुरू हो चुके हैं, इसलिए चिंता ज्यादा है।

### सड़कों पर जारी मौतें

भारत में जानलेवा परिवहन की चर्चा अक्सर होती है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकलता। शायद इसलिए कि समाधान निकालना किसी की प्राथमिकता में नहीं है। यह एक तरह से सड़कों पर रोजमर्रा के स्तर पर घटने वाली त्रासदियों के प्रति हमारी सामूहिक बेरहमी का संकेत है। इस त्रासदी का दायरा कितना बड़ा है, यह एक बार फिर सामने आए आधिकारिक आंकड़ों से जाहिर हुआ है। केंद्रीय सड़क यातायात मंत्रालय ने सड़क हादसों के बारे में अपनी रिपोर्ट जारी की है। इस सालाना रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में देश में सड़क हादसों में एक लाख 68 हजार लोग मारे गए। कुल हादसे चार लाख 61 हजार हुए, जिनमें बड़ी संख्या में लोग जख्मी और विकलांग भी हुए। घायलों की संख्या 4.43 लाख रही। मरने वालों में से 71.2 प्रतिशत लोग तेज गति से वाहन चलाने की वजह से हुए हादसों का शिकार बने। सबसे ज्यादा हादसों के शिकार दोपहिया वाहन चलाने वाले हुए। यह भी इस घटननाक्रम का एक पहलू है। दोपहिया वाहन अक्सर निम्न मध्य वर्ग परिवारों के परिवहन का जरिया होते हैँ। नीति निर्माण से लेकर मीडिया की चर्चा और आम संवेदनाओं की प्राथमिकता में गरीब और निम्न आय वर्ग के परिवार अक्सर काफी नीचे आते हैँ। एक और तथ्य गौरतलब है: 47.7 प्रतिशत हादसे और 55.1 प्रतिशत मौतें खुले इलाकों में हुईं- यानी उन क्षेत्रों में जहां मानव गतिविधि ज्यादा नहीं थी। मतलब यह कि हादसों के पीछे लापरवाही एक बड़ा कारण बनी हुई है। पिछले लगभग दो दशक इस बात को चर्चा में लाया गया कि अगर लोगों को दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों की मदद के लिए प्रोत्साहित किया जाए, तो बहुत-सी जानें बच सकती हैँ। विधि आयोग की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि सड़क हादसों में मारे गए लोगों को अगर समय से अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो उनमें से 50 प्रतिशत की जान बचाई जा सकती है। इसे संभव बनाने के उद्देश्य से 2020 में केंद्र सरकार ने नए नियम भी बनाए। लेकिन इस दिशा में वास्तव में कोई प्रगति हुई है, इसका संकेत नहीं है। कुल मिलाकर दुखद स्थिति यह है कि हमारी सड़कों का जानलेवा रूप बदल नहीं रहा है।

### विपक्षी गठबंधन ज्यादा बिखरा है

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में विपक्षी पार्टियां पहले से ज्यादा बिखरा दिख रहा है। कायदे से विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' बनने के बाद बिखराव नहीं होना चाहिए था। लेकिन उलटा हो रहा है। पांच में से दो राज्यों- तेलंगाना और मिजोरम को छोड़ दें तो मुख्य मुकाबले वाले तीन राज्यों में विपक्ष पहले से ज्यादा बिखरा हुआ दिख रहा है। मुकाबला फ्री फॉर ऑल हो गया है। देश भर की पार्टियां चुनाव लड़ रही हैं, जिनमें से कोई विपक्षी गठबंधन की सदस्य हैं। मध्य प्रदेश में 90 से ज्यादा सीटों पर कांग्रेस के साथ साथ 'इंडिया' के घटक दल भी चुनाव लड़ रहे हैं और उनकी वजह से मुकाबला कांग्रेस बनाम भाजपा का नहीं बन सका। सोचें, विपक्षी गठबंधन बना ही इसलिए है ताकि अगले लोकसभा चुनाव में वन ऑन वन चुनाव बनाया जाए यानी भाजपा के हर उम्मीदवार के सामने विपक्ष का एक उम्मीदवार हो लेकिन कांग्रेस और भाजपा के आमने-सामने वाले चुनावी राज्य में 'इंडिया' के घटक खेल बिगाड़ रहे हैं।

मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी से तालमेल की बात नहीं बनी तो उसने उम्मीदवार उतार दिए। इसी तरह जनता दल यू ने भी कई सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। आम आदमी पार्टी ने तो तीनों राज्यों में उम्मीदवार उतारे हैं और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को साथ लेकर रैलियां कर रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी गठबंधन में नहीं है लेकिन उसने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से तालमेल करके उम्मीदवार उतारे हैं।

> “ फिलिस्तीन मुद्दे का समर्थन भारत की विदेश नीति का अनिवार्य हिस्सा है, जो आज भी बदस्तूर कायम है। मगर यह पहली बार नहीं है कि केरल की पार्टियां भारत के बाहर के किसी घटनाक्रम को लेकर उलझी हुई हैं। सीपीएम ने सद्दाम हुसैन का समर्थन किया था और इराक पर हमले के लिए अमेरिका को 'सम्राज्यवादी ताकत' बताया था।

# केरल की सियासत में फिलिस्तीनी पेच

एस. श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार

पिछले हफ्ते केरल की राजनीति उस वक्त गरम हो गई, जब राज्य के मुख्यमंत्री पी विजयन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने गाजा पर इजरायली बमबारी के खिलाफ दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन किया। इसने केरल स्थित इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) को इस कदर चोट पहुंचाई कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के साथ उसका अरसे से चला आ रहा साथ करीब-करीब छूटने लगा। हमें अब इस बात का एहसास है कि सियासी दल अपनी घरेलू राजनीति को धार देने के लिए अंतरराष्ट्रीय व विदेश से जुड़े मुद्दों का एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। मगर इसे इस मोड़ तक क्यों जाना चाहिए कि केरल में लंबे समय से चला आ रहा गठबंधन भी टूट जाए?

यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट का गठन 1979 में पूर्व कांग्रेसी मुख्यमंत्री के करुणाकरण ने तत्कालीन लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सरकार का विरोध करने के लिए किया था। तब से दोनों गठबंधन बारी-बारी से राज्य की सत्ता पर काबिज होता आया है। फिलिस्तीन के सवाल पर भी दोनों मोर्चे समान धरातल पर रहे हैं, लेकिन फिलहाल दोनों विचार-विमर्श की मुद्रा अपनाए हुए हैं। केरल पर किसी अंतरराष्ट्रीय मसले का प्रभाव क्यों आसानी से पड़ता है, इसके दो कारक हैं। पहला, इस राज्य की अनूठी जनसांख्यिकीय, और दूसरा, सूबे की राजनीति का चरित्र, जिसमें दोनों गठबंधन अपने घटक दलों की संवेदनशीलता का ध्यान रखते हैं, फिर चाहे वे छोटे दल ही क्यों न हों। केरल में करीब 25 फीसदी मुस्लिम व 20 प्रतिशत ईसाई बसते हैं। बहुसंख्यकवाद यहां कोई मुद्दा नहीं है।

फिलहाल एलडीएफ और यूडीएफ का आपसी सामंजस्य करीब-करीब खत्म होता दिख रहा है, क्योंकि आईयूएमएल फिलिस्तीन मसले पर उलझन में दिखी है। पारंपरिक रूप से कांग्रेस के साथ ही आईयूएमएल भी फिलिस्तीन मसले पर समर्थन करती रही है, और इसीलिए जब सीपीएम ने 11 नवंबर को इजरायली बमबारी के खिलाफ विरोध रैली की घोषणा की और आईयूएमएल को भी उसमें हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया, तो वह इनकार न कर सकी। इससे स्वाभाविक तौर पर कांग्रेस नाराज हो गई और फिर आईयूएमएल को आनन-फानन में अपने कदम पीछे खींचने पड़े।

इससे पहले कांग्रेस व सीपीएम, दोनों को हमास पर अपनी स्थिति साफ करने के लिए तलवार की धार पर चलना पड़ा था। कांग्रेस के लिए वे असहज क्षण थे, जब तिरुवनंतपुरम से पार्टी के सांसद शशि थरूर ने आईयूएमएल की रैली में यह कहा कि इजरायल पर 7 अक्टूबर को 'आतंकी हमला' किया गया। सीपीएम के एक विधायक ने तुरंत इस मुद्दे को उठाया और इजरायल का पक्ष लेने के लिए सांसद को फटकार लगाई। बाद में थरूर को अपना बयान स्पष्ट करना पड़ा।



रिपोर्टों से पता चलता है कि सीपीएम की केंद्रीय समिति की सदस्य केके शैलजा ने इजरायल व गाजा, दोनों पक्ष की हत्याओं पर दुख जताते हुए एक फेसबुक पोस्ट में हमास को आतंकी कहा है। साथ ही, उन्होंने 1948 में फिलिस्तीनियों के खिलाफ आतंकवाद को प्रचारित करने वाली साम्राज्वादी ताकतों पर भी हमला बोला। इन सबका एक निष्कर्ष यह भी है कि यूडीएफ और एलडीएफ, दोनों राज्य की राजनीति में भाजपा को कोई जगह देने को तैयार नहीं हैं, क्योंकि उसका इजरायल की तरफ रुझान स्पष्ट है। हालांकि, भाजपा कांग्रेस और सीपीएम को उनके अपने रुख के लिए निशाना बनाती रही है। वह तो आईयूएमएल को मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा बनाई गई पार्टी बताती है। उसने राहुल गांधी पर उस समय जोरदार सियासी हमला बोला था, जब उन्होंने आईयूएमएल को धर्मनिरपेक्ष दल कहा था।

तथ्य यह है कि जिन्ना द्वारा गठित मुस्लिम लीग बंटवारे के बाद भारत में भंग हो गई थी। हालांकि, यह पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान (बांग्लादेश) में बची रही। भारत में आईयूएमएल नए सिरे से गठित हुई और उसने 1951 में भारतीय संविधान की शपथ ली। तभी से वह चुनावी राजनीति का हिस्सा बनी हुई है। वह संसद में सांसद भेजती है और केरल में उसके विधायक भी हैं। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए आईयूएमएल सांसद ई अहमद को जिनेवा भी भेजा था।

फिलिस्तीन मुद्दे का समर्थन भारत की विदेश नीति का अनिवार्य हिस्सा है, जो आज भी बदस्तूर कायम है। मगर यह पहली बार नहीं है कि केरल की पार्टियां भारत के बाहर के किसी घटनाक्रम को लेकर उलझी हुई हैं। सीपीएम ने सद्दाम हुसैन का समर्थन किया था और इराक पर हमले के लिए अमेरिका को 'सम्राज्यवादी ताकत' बताया था। इसका 1991 के स्थानीय निकाय चुनावों में एलडीएफ को खूब फायदा मिला। 2020 के मध्य में जब तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस्तांबुल में हागिया सोफिया संग्रहालय को मस्जिद में बदलने की घोषणा की थी, तब भी केरल में भारी हंगामा हुआ था। यह मसला दोनों मोर्चों के बीच राजनीतिक जंग का विषय बन गया था, और एक तरफ जहां ईसाई आबादी मस्जिद का विरोध कर रही थी, वहीं मुस्लिम समुदायों के लिए यह स्वागतयोग्य कदम था। इसका भी लाभ तब की एलडीएफ सरकार को मिला।

कांग्रेस का जहां एक तरफ आईयूएमएल के साथ मधुर रिश्ता कायम है, तो वहीं यह पार्टी कई मुद्दों पर असहज रुख भी अपनाती रही है। मिसाल के तौर पर, आईयूएमएल के एक सदस्य ने मुख्यमंत्री पी विजयन की बेटी वीणा विजयन और उनके मंत्री पी ए मोहम्मद रियास की शादी का कड़ा विरोध किया था। इतना ही नहीं, आईयूएमएल विजयन सरकार के प्रगतिशील फैसलों पर भी कटाक्ष करती रही है। जैसे, जब स्कूली बच्चों के लिए ऐसी ड्रेस पेश की गई, जो छात्र-छात्राओं के बीच लैंगिक भेदभाव को खत्म करती है, तो आईयूएमएल के एक वरिष्ठ सांसद ने इसे 'धर्म और पुरुष प्रभुत्व को नकारने को बढ़ावा देने की वामपंथी राजनीति' कहा। हालांकि आईयूएमएल के विरोध का नाममात्र प्रभाव पड़ा। छात्र-छात्राओं व अभिभावकों ने इस कदम का खुले दिल से स्वागत किया।

इन तमाम ऊंच-नीच को छोड़ दें, तो आईयूएमएल विवादास्पद राजनीतिक मुद्दे पर आमतौर पर धर्मनिरपेक्ष और उदारवादी रुख अपनाती रही है और किसी चरमपंथी या उग्रवादी रुख को परिचय देने से बचती रही है। यही कारण है कि आईयूएमएल द्वारा कुछ मुद्दों पर आलोचना किए जाने के बावजूद यूडीएफऔर एलडीएफ, दोनों को उसके साथ गठबंधन करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है।


**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# आखिर हमें क्यों और कब तक बांटना पड़ेगा मुफ्त अनाज

ब्रजेश कुमार तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, जेएनयू

प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ की चुनावी सभा में मुफ्त राशन बांटने की मियाद को पांच वर्ष और बढ़ाने की घोषणा की है। अब गरीब परिवार के 81.35 करोड़ लोगों को दिसंबर 2028 तक मुफ्त अनाज मिलता रहेगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन कार्डधारकों को एक से तीन रुपये किलो के बीच गेहूं-चावल उपलब्ध कराया जाता था, पर अप्रैल 2020 में जब महामारी फैली, तब तय हुआ था कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीबों को सरकार मुफ्त राशन देगी। मुफ्त में अनाज देने वाली अन्न योजना आठ महीने के लिए कोरोना काल के दौरान 'कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोए' के मकसद से शुरू की गई थी। अब तक इस योजना को आठ चरणों में बढ़ाया गया है और जिस पर दिसंबर 2022 तक लगभग चार लाख करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं।

आखिर कोरोना के साढ़े तीन साल बाद भी इस योजना को पांच साल आगे बढ़ाना कहां तक उचित है? इस फैसले पर बहस लाजिमी है। विरोधी दलों की दलील है कि आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनाव को देखते हुए सरकार ने राशन योजना को बढ़ाने का फैसला किया है। उधर, सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त में दी जाने वाली चीजों को लेकर सवाल उठाया है। कोरोना महामारी काफी हद तक कम हो गई है और जिस संकट के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू हुई थी, अब वह प्रासंगिक नहीं है। लंबे समय तक इस योजना को जारी रखने से इसके स्थायी होने या अनिश्चित काल तक बने रहने की संभावना है। जो भी सरकार इस फैसले की समीक्षा करेगी, उसे शायद सियासी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बढ़ती आबादी से अपनी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का नुस्खा चीन ने बताया था। गरीब और आर्थिक तौर पर पिछड़े जनसमुदाय किसी राष्ट्र पर बोझ होते हैं, जबकि स्वस्थ-शिक्षित और आत्मनिर्भर नागरिक किसी



राष्ट्र के लिए संपत्ति होते हैं। यह सवाल भी पूछा जा रहा है कि देश में सिर्फ 20 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं, तो 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन देने का आखिर मकसद क्या है? अतिरिक्त बजट बोझ के कारण जरूरी स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचा आदि के बजट में कटौती होना लाजिमी है। वास्तव में सरकारों को मुफ्त में शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य देने की गारंटी देनी चाहिए।

अनाज के मामले में देश के आत्मनिर्भर होने के पांच दशक बाद भी देश की दो-तिहाई आबादी मुफ्त अनाज पर निर्भर है। 2022 में आईडीसी की एक रिपोर्ट में पाया गया था कि लगभग 74 प्रतिशत उद्यमों में अभी भी कौशल की कमी है। एक ओर, भारत में कंपनियां कुशल कार्यबल की भारी कमी का सामना कर रही हैं, तो दूसरी ओर, देश में लाखों शिक्षित बेरोजगार हैं। यूएनडीपी के मानव विकास सूचकांक में भारत 191 देशों में 132वें स्थान पर है, जो चिंताजनक है। वर्तमान में, भारत में केवल 45 प्रतिशत प्रशिक्षित व्यक्ति ही रोजगार के योग्य हैं और केवल 4.69 प्रतिशत कार्यबल व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ उपलब्ध है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि कौशल को लेकर देश में भारी अंतर है। आने वाले समय में, वैश्विक कामकाजी आबादी का 25 प्रतिशत हिस्सा भारत से आएगा।

समाज की बेहतरी और सुशासन सुनिश्चित करना सरकार व अन्य सभी राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है। अब सोचना चाहिए कि मुफ्त योजनाओं की जरूरत कैसे खत्म होगी? हां, बुनियादी जरूरतों में सब्सिडी जैसे - छोटे बच्चों को मुफ्त शिक्षा देना या स्कूलों में मुफ्त भोजन देना, अस्पतालों में मुफ्त इलाज देना उचित माना जाएगा। सरकारों का असली कार्य यह है कि वे ऐसी योजनाएं बनाएं, जिनसे लोग योग्य बनकर न केवल आत्मनिर्भर बनें, बल्कि राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान भी दे सकें, इसमें निजी क्षेत्र की मदद भी ली जानी चाहिए।

मुफ्त योजनाओं की राशि को रोजगार के अवसर पैदा करने और बुनिवादी ढांचे के विकास पर खर्च करने की जरूरत है। इससे लोगों का सामाजिक उत्थान होगा, प्रगति होगी। इस दो तिहाई (81 करोड़) आबादी को आत्मनिर्भर बनाकर ही भारत आत्मनिर्भर व 2047 तक विकसित बन सकता है। मुफ्त की रेवड़ियों पर अंकुश लगना समय की मांग है। चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट और सरकार को इस दिशा में मिलकर काम करने की जरूरत है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# मिलावटी मिठाइयां कहीं रंग में भंग न कर दें

सुशील देव

त्योहार कोई भी हो, मीठा न हो तो सब फीका रह जाता है। मगर इस मीठे की जगह जहर हो तो कल्पना कीजिए, क्या होगा? सब रंग-भंग हो जाएगा। इस दीपावली में कहीं ऐसा न हो कि आप जिन्हें उपहार में मिठाई दे रहे हैं, उनमें कुछ जहर जैसा तो नहीं?

जरा सोचिए, आखिर हम उनका मुंह मीठा करा रहे हैं, या फीका। जी हां, हम अपने शहर की मिठाइयों की ही बात कर रहे हैं। दिल्ली ही नहीं, बल्कि देश भर से ऐसी मिठाइयों की शिकायतें मिलती रहती हैं। इसलिए यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि त्यौहारों में नकली मिठाइयों की यहां भरमार है। हमें इनसे हमेशा सतर्कता बरतनी चाहिए। हम इन मिठाइयों से कैसे बचें, इनकी शुद्धता कैसे सुनिश्चित हो, इस पर सजगता दिखाने की जरूरत है।

नकली खोवा-मावे की मिठाई की बात आपने खूब सुनी होगी। प्रशासन ने भी मिलावटी मिठाइयों की खूब धर-पकड़ की है। कई मामले दर्ज हुए। कोर्ट में सुनवाई हुई। लगातार कुछ सजा भी हुई हैं, लेकिन ऐसी कोई सजा अब तक नजीर नहीं बन सकी जो मिलावटखोरों के दिलों में खौफ पैदा कर सके। खेदजनक है कि हम लोग ऐसे मिलावटों के प्रति बिल्कुल बेखबर हैं, उदासीन हैं। मूकदशर्क बनकर हम इनके शिकार बनते जा रहे हैं। सनद रहे कि नकली या मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर सख्त सजा का प्रावधान है। दोषी पाए जाने पर आरोपी को 6 माह से लेकर उम्रकैद तक की सजा दी जा सकती है। पीएफए अधिनियम की धारा 7/16 के मुताबिक मिलावट करने पर अधिकतम 3 साल की सजा होती है। धारा 57 के तहत तो 10 लाख रुपये के जुर्माने का भी प्रावधान है। दिल्ली-एनसीआर में रोजाना आने वाली हजारों टन खोवे और मेवे की खेप से सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि इसके लिए आखिर, दूध की उपलब्धता कैसे संभव हो पाती है? होली, दशहरा, दीपावली और छठ के समय दिल्ली-एनसीआर की गली-गली में दूध से तैयार मिठाइयां बिकती हैं। खरीददार इन्हें शौक से खरीद कर त्यौहार सेलिब्रेट करते हैं परंतु उन्हें नहीं पता होता कि सेलिब्रेशन के मीठेपन में कौन सा हानिकारक तत्व उनके जीवन को धीरे-धीरे नष्ट कर रहा है। हार्ट, शुगर या बीपी वाले मरीजों के लिए तो यह बहुत ही खतरनाक है। साधारण समझ की बात यह है कि इस समय दिल्ली की आबादी करीब 3 करोड़ है, जिसमें करीब एक करोड़ से अधिक आबादी परिवार के साथ अपने मकान में रहती है। हर परिवार को रोजाना एक से डेढ़ लीटर दूध की जरूरत होती है। चाय की दुकान, मिठाई की दुकान, शादी-विवाह या अन्य समारोहों के लिए भी किसी न किसी रूप में दूध की जरूरत होती है।

आखिर, इतना दूध कहां से आता है? दूध की खपत तब और बढ़ जाती है, जब त्योहारों का सीजन आता है। जरा सोचिए, दूध की आपूर्ति इसके बावजूद कम नहीं होती। निश्चित रूप से दिल्ली एनसीआर में दूध का काला कारोबार चलता है। दिल्ली से सटे सीमावर्ती राज्यों के कुछ इलाकों से नकली खोवा और मावा बनने का कई बार भंडाफोड़ हो चुका है। कई लोग पकड़े जा चुके हैं, और अदालतों में इस गंभीर अपराध के लिए दोषियों को दंड भी मिला है लेकिन मिलावटखोरी से समाज को निजात मिलना आज भी चुनौती है। कई बार ऐसी फैक्ट्री या सरगना का पर्दाफाश भी हुआ है, मगर मिलावटी या नकली दूध के साम्राज्य पर कोई असर नहीं पड़ा।

# भाजपा में दूसरी पार्टियों पर नजरिया

हरिशंकर व्यास

भारतीय जनता पार्टी ने राजनीतिक दलों की कई श्रेणियां बना रखी हैं। एक श्रेणी ऐसी पार्टियों की है, जिनके साथ भाजपा के अतीत में अच्छे संबंध रहे हैं या वह पार्टी भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन में रही है। ऐसी पार्टियों के फिर से एनडीए में लौटने का रास्ता खुला रहता है। दूसरी श्रेणी ऐसी पार्टियों की है, जो पहले साथ रही हैं या नहीं भी रही हैं तो नरेंद्र मोदी के केंद्र में सरकार बनाने के बाद अपनी राजनीतिक मजबूरियों में भाजपा के प्रति नरम रही हैं। ये आगे भी भाजपा के साथ हो सकता है कि खुल कर न जुड़ें लेकिन मुद्दों के आधार पर सरकार को इनका समर्थन मिलता रहेगा। तीसरी श्रेणी भाजपा के कट्टर विरोधियों की है, जो अपने प्रदेश की वोट की राजनीतिक मजबूरी के चलते किसी हाल में भाजपा के साथ नहीं जुड़ सकते हैं।

केंद्र सरकार की एजेंसियों का रवैया भी इन तीन श्रेणियों की पार्टियों के प्रति अलग अलग दिखता है। जो केंद्र के करीब है या करीब जाने की संभावना लिए हुए है उस पर कार्रवाई नहीं होती है, जो विरोधी है लेकिन दबाव बना कर करीब लाया जा सकता है उनके ऊपर प्रतीकात्मक कार्रवाई होती है और जो कट्टर विरोधी हैं उनको पूरी तरह से निपटा देने या चुनाव लड़ने लायक नहीं रहने देने वाली कार्रवाई होती है। इस तीसरी श्रेणी में कांग्रेस के अलावा कुछ प्रादेशिक पार्टियां शामिल हैं। प्रादेशिक पार्टियों में राष्ट्रीय जनता दल, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके आदि का नाम लिया जा सकता है। इनमें से तृणमूल कांग्रेस और डीएमके पहले भाजपा के साथ रहे हैं। लेकिन तब से गंगा-जमुना में बहुत पानी बह गया है। ममता जब भाजपा के साथ थीं तब वे पश्चिम बंगाल में भाजपा वाली ही राजनीति करती थीं। जब उन्होंने लेफ्ट को हरा दिया तब से वे लेफ्ट की राजनीति कर रही हैं, जिसमें 30 फीसदी मुस्लिम वोट सबसे अहम है। इसी तरह अटल बिहारी वाजपेयी के समय डीएमके और भाजपा का तालमेल था। लेकिन अब डीएमके सनातन विरोध की जैसी राजनीति कर रही है उसमें दोनों के लिए साथ आना मुश्किल है। यही बात राष्ट्रीय जनता दल के बारे में भी है। वह कभी एनडीए का हिस्सा नहीं रही है लेकिन ऐसा नहीं है कि उसने भाजपा का साथ नहीं दिया है या नहीं लिया है। लालू प्रसाद 1990 में पहली बार भाजपा के समर्थन से ही मुख्यमंत्री बने थे और तब उनकी पार्टी जनता दल की केंद्र में सरकार भी भाजपा के समर्थन से बनी थी और भाजपा के समर्थन वापस लेने से गिर गई थी। लेकिन उसके बाद लालू प्रसाद की राजनीति भी बिहार के 18 फीसदी मुस्लिम मतदाताओं के ईर्द-गिर्द सिमट गई। इसलिए वे भी भाजपा के साथ नहीं जा सकते हैं। आज के संदर्भ में कहा जा सकता है कि इन तीनों पार्टियों की राजनीति भाजपा विरोध पर टिकी है। ये भाजपा का जितना ज्यादा विरोध करेंगे इनके वोट उतने पक्के होंगे। दूसरी ओर केंद्र सरकार की एजेंसियां इनके ऊपर जितनी कठोर कार्रवाई करेंगी उतना फायदा भाजपा को होगा। इसलिए इन तीन पार्टियों के नेताओं को कोई राहत नहीं मिलेगी।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### मतदाता जागरूकता के लिए वाद विवाद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है इसी कड़ी में आज लाईवलीहुड कॉलेज में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया प्रतियोगिता में लाईवलीहुड कॉलेज के विद्यार्थीगण भाग लेकर लोगों को अपना मताधिकार का उपयोग करने जागरूक किया। प्रतिभागियों ने मतदान पर अपने अपने विचार रखें। साथ ही निष्पक्ष और लोभ भय से मुक्त होकर मतदान करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को सीईओ जिला पंचायत रीता यादव ने पुरस्कृत किया। विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मतदान से संबंधी नारे भी लगाये। साथ ही मतदान के लिए संकल्प भी लिया। कॉलेज विद्यार्थियों ने कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में आस्था रखने वाले शपथ लेते है, कि देश की निष्पक्ष,स्वतंत्र और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की लोकतान्त्रिक परम्पराओं को बरकरार रखेंगे। चुनाव में जाति,धर्म,नस्ल,भाषा,समुदाय के आधार पर प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करेंगे। देश के नागरिक होने के नाते लोकतंत्र की आस्था बचाए रखना आवश्यक है। इसी क्रम में बताया कि सभी मतदाता 17 नवंबर को मतदान दिवस के दिन अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें। लोगों के वोट से ही सरकार बनती है।

### ननकटठी वितरण केन्द्र अंतर्गत लाईन मैंटेनेंस का किया गया कार्य

**दुर्ग।** ननकटठी वितरण केन्द्र अंतर्गत प्री दीपावली एवं निर्वाचन आयोग के 14, 15 एवं 16 नवम्बर को मतदान केन्द्रों में वेबकास्टिंग का ट्रायल तथा 17 नवम्बर को चुनाव का वेबकास्टिंग किया जाएगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की बिजली से संबंधित रूकावट पैदा न हो छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्टीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड दुर्ग द्वारा लाईन मैंटेनेंस का कार्य किया गया। कार्यपालन अभियंता से प्राप्त जानकारी के अनुसार जेवरा ग्रामीण फीडर में अक्टूबर माह में कुल 4 घंटा 43 मिनट लाईन अवरोध रहा, जिसकी सूचना फीडर इंट्रप्शन के माध्यम से प्राप्त हुआ। इसी प्रकार 63 के.व्ही.ए. ट्रांसफार्मर पंप लाईन का कार्य गांव में ईंट भट्टा के पास पानी भरे होने एवं धान की फसल होने के कारण लाईन का कार्य नही हो पा रहा है।

### अब तक 3988 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से किया मतदान

**राजनांदगांव।** जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से अब तक होम वोटिंग तथा सेवा मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात कुल 3988 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले चिन्हांकित मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया। कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में होम वोटिंग के माध्यम से 416 चिन्हांकित 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं ने डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग किया।

केंद्रीय मंत्री व भाजपा चुनाव सह प्रभारी मनसुख मांडवीया एवं टीम छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स पहुंच चेंबर पदाधिकारियों से की सौजन्य मुलाकात

# चेंबर अध्यक्ष पारवानी की अध्यक्षता में प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग से संबंधित सुझाव के लिए ज्ञापन सौंपा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि केंद्रीय मंत्री व भाजपा चुनाव सह प्रभारी मनसुख मंडाविया एवं टीम छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स पहुंच चेंबर पदाधिकारियों से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर सांसद सुनील सोनी, जयंती भाई पटेल रायपुर जिला अध्यक्ष (भाजपा), केदार गुप्ता प्रदेश प्रवक्ता (भाजपा),सतीश छुगानी व्यापार प्रकोष्ठ सदस्य (भाजपा), सुभाष अग्रवाल रायपुर जिला कोषाध्यक्ष (भाजपा) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। चेंबर महामंत्री अजय भसीन जी ने बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों का परिचय देते हुए मनसुख मांडवीया का स्वागत किया।



बैठक में चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता में चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के व्यापारी एवं व्यापार तथा उद्योग के विकास से संबंधित महत्वपूर्ण सुझावों से अवगत कराकर मनसुख मंडाविया एवं उनकी टीम को व्यापार एवं उद्योग से संबंधित ज्ञापन सौंपा।

जिसमें महत्वपूर्ण सुझाव निम्नलिखित थे:

1.यूजर चार्ज 2.संपत्ति कर 3.इंश्योरेंस पेंशन 4.एकल खिड़की प्रणाली 5.वन स्टेट वन लाइसेंस 6.बिजली बिल हाफ 7. मंडी शुल्क की समाप्ति 8. ई वे बिल से संबंधित 9.रियायती दर पर विद्युत दर का निर्धारण 10. ईंधन में रियायत 11. भारतीय दंड संहिता संबंधी 12. व्यापारियों की सुरक्षा 13.विशेष सुरक्षा कानून 14. कृषि आधारित उद्योग श्रेणी में सूक्ष्मङ्कलघु एवं मध्यम उद्योगों की श्रेणी संबंधित 15. अग्निशमन केंद्र की स्थापना 16. फूड पार्क स्थापना 17.कोल्ड स्टोरेज स्थापना 18.श्रम कानून 19. उद्योग/व्यापार विभाग सम्बंधित 20. स्थानीय स्तर पर रोजगार देने पर रियायत संबंधी 21. कुटीर एवं लघु उद्योग संबंधित 22. प्रदूषण मुक्त उद्योग 23. जल संसाधन संबंधी 24. कारखाना अधिनियम संबंधी संशोधन 25. नई औद्योगिक पॉलिसी 2024ङ्क29 संबंधी 26. भवन निर्माण अनुज्ञा 27. सोलर सब्सिडी 28. स्मार्ट टूरिज्म 29. आईटी सेक्टर से संबंधित इत्यादि। श्री पारवानी ने बैठक में रायपुर विमानतल स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में विकसित करने तथा रायपुर में कार्गो हब बनाने मंडाविया के समक्ष अपनी बात रखी । बैठक में जीएसटी एवं आयकर से संबंधित सुझाव की प्रतिलिपि भी केंद्रीय मंत्री व भाजपा चुनाव सह प्रभारी मनसुख मंडाविया एवं टीम को सौंपी गई। टेक्नीकल टीम द्वारा ज्ञापन के सम्बंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बैठक में हुई चर्चा को श्री मनसुख मंडाविया जी ने गंभीरतापूर्वक सुना तथा सकारात्मकता दिखाते हुए चेंबर के सुझावों को घोषणापत्र समिति के समक्ष रखने की बात कही ताकि उक्त सुझावों को घोषणापत्र में शामिल किया जा सके। श्री मंडाविया जी ने कहा जीएसटी एवं आयकर के सुझावों को सम्बंधित मंत्रालय तक भी पहुँचाया जायेगा। बैठक में चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम चांद गोलछा, संरक्षक आसुदामल वाधवानी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, महेंद्र धड़ीवाल, सलाहकार भरत बजाज, संजय रावत, जितेंद्र दोशी, सुरेंदर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, कार्यकारी महामंत्री विकास आहूजा, उपाध्यक्ष मनोज जैन, हीरा मखीजा, नरेंद्र हरचंदानी, जय नानवानी, सुरेश भंसाली मंत्री शंकर बजाज, निलेश मुंदड़ा, राजेंद्र खटवानी, प्रशांत गुप्ता, लोकेश साहू, दिलीप इसरानी, ट्रांसपोर्ट चेंबर अध्यक्ष अमरीक सिंह, महामंत्री नवीन शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, युवा चैंबर अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महामंत्री कांति पटेल, उपाध्यक्ष जयेश पटेल, विपुल पटेल, समीर वंश्यानी, मंत्री हिमांशु वर्मा, जयराज गुरनानी, महिला चेंबर अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा, कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट, टेक्निकल टीम से मुकेश मोटवानी, आयुष गर्ग, कैट सीजी चेप्टर कार्यकारी अध्यक्ष वासु मखीजा, युवा कैट अध्यक्ष अवनीत सिंह एवं संजय जादवानी, दीपक विधानी, राजेश शर्मा सहित विभिन्न पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। मंच संचालन चेंबर महामंत्री अजय भसीन द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन चेंबर कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा ने किया।

# सशक्त महिला सशक्त लोकतंत्र थीम पर मतदाता जागरुकता




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत सशक्त महिला सशक्त लोकतंत्र का आयोजन शहीद स्मारक भवन में महिलाओं द्वारा किया गया।

प्रेक्षक अमृता जोथी तथा श्रीमती आर विमला जी प्रेक्षक इस अवसर पर उपस्थित थी। उन्होंने उपथित महिलाओं का उत्साह बढ़ाया। साथ ही सशक्त महिला, सशक्त लोकतंत्र थीम पर रंगोली, मेहंदी, छत्तीसगढ़ी पारंपरिक रैंप वॉक, सुआ नृत्य, कविता पाठ, सेल्फी, रील्स इत्यादि का आयोजन किया गया। वहा उपस्थित महिलाओं ने आम लोगों से मतदान करने की अपील की।

### मतदाल दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 8 व 9 नवम्बर को

**रायपुर।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के परिपेक्ष्य में मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 8 व 9 नवम्बर को होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनआईटी रायपुर और पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में होगा। प्रतिदिन दो पालियों में प्रशिक्षण होगा। पहली पाली का समय सुबह 9:30 बजे और दूसरी पाली का दोपहर 1:30 बजे से निर्धारित किया गया है। संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है। उल्लेखनीय है कि दोनों प्रशिक्षण में सुविधा केंद्र बनाए गए है, जहा प्रशिक्षण में आने वाले पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान करेंगे।

### आंध्र उत्कल संघर्ष समिति ने कहा

# दुर्ग से पलासा तक चाहिए सीधी ट्रेन, मोदी की सभा में भाजपा प्रत्याशी ने कर दी गलत मांग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग भिलाई में रहने वाले हजारों आंध्र व ओड़िशा के लोग बीते 15 वर्षों से पलासा-बरहमपुर तक दुर्ग से सीधी रेल सेवा की मांग कर रहे हैं। इसके लिए आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के बैनर तले कई आंदोलन हुए। अब तक यह सुविधा तो नहीं मिली लेकिन इस बीच भिलाई नगर के भाजपा प्रत्याशी ने 4 नवंबर को पीएम मोदी की सभा में गलत मांग कर दी।



दरअसल भाजपा प्रत्याशी प्रेम प्रकाश पाण्ड़ेय ने मोदी को सौंपे ज्ञापन में दुर्ग-विशाखापट्नम एक्सप्रेस को विजयनगरम से पालासा व बरहमपुर तक चलाने की मांग रखी। भाजपा प्रत्याशी के इस मांग का आंध्र उत्कल संघर्ष समिति ने विरोध किया है।

आंध्र उत्कल संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व रेलवे सलाहकार समिति सदस्य के उमाशंकर ने बताया कि विगत 15 वर्षों से दुर्ग से पलसा, बरहमपुर तक सीधी नई रेल सुविधा की मांग आंध्र उत्कल समाज वासियों की ओर से किया जा रही है। उक्त मांग पर क्रमिक भूख हड़ताल, धरना एवं प्रदर्शन कर रेल प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। दुर्ग जिले के सांसद विजय बघेल जी ने लोकासभा में दो बार के लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष उक्त मांग को शीघ्र पुर्ण किए जाने हेतु निवेदन किया गया। इसके अलावा अप्रेल 2023 को नई दिल्ली में रेल मंत्री से सीधे मुलाकात कर उक्त मांग को जन हित में शीघ्र किए जाने की निवेदन किया गया।

4 नवंबर 2023 को दुर्ग चुनावी सभा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने रेल समस्या का समाधान हेतु ज्ञापन दिया गया उक्त ज्ञापन में जो मांग रखी गई वह बिल्कुल अलग मांग है, जिसके परिचालन से छत्तीसगढ़ के आंध्र उत्कल वासियों को रेल सुविधा नहीं मिल पाएगा। दुर्ग से विशाखापट्टनम रेल को पलसा से बरहमपुर तक चलने की मांग की गई है जिससे ऐसा लगता है कि जनप्रतिनिधियों को आंध्र उत्कल वासियों की रेल समस्याओं पूर्ण जानकारी नहीं है।


के उमाशंकर राव ने कहा कि वे जनप्रतिनिधियों से करबद्ध प्रार्थना करते हैं कि ज्ञापन में सुधार कर प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय रेल मंत्री को ध्यान आकर्षण कराया जाए और दुर्ग से पलासा-बरहमपुर तक नई ट्रेन चलाई जाए। दुर्ग विशाखापट्नम एक्सप्रेस यहां के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है और इसके रूट में बदलाव से यात्रियों की परेशानी बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि दुर्ग से पलसा जाने वाले कई ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट की अत्यधिकता होने के कारण आदमी विवश होकर बड़े बुजुर्ग, बच्चे खड़े होकर बड़ी कठिनाई से सफर करते हैं इन सब समस्याओ का ध्यान रखकर दुर्ग से पलसा-बरहमपुर तक नई एक्सप्रेस रेल को शीघ्र प्रारंभ कर आंध्र उत्कल वासियों को नई रेल की सौगात दिया जाए।

# डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 06 नवंबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 02 प्रकरण मिला है। जिनमें से 01 प्रकरण सुपेला भिलाई तथा दूसरा प्रकरण जामुल के रहवासी है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीजों की संख्या 02 है। निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्र में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियान से फागिंग का कार्य किया जा रहा है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथान हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 175453 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है. जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-202592 जिनमें से 84238 खाली कराये गये सभी कंटेनरों में 118100 स्थानों में टेमीफास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 171445 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कटेंनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उसको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नहीं मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी और दूसरी बार लार्वा मिलने पर 500 रु. से लेकर 5000रू. का अर्थ वसूला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे के द्वारा लोगो से यह अपील की जाती है कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच की जाये।

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# अक्षिता एक सेफ बबलः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में दुर्ग-रायपुर सहित 9 महत्वपूर्ण स्टेशनों पर निर्माण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रेलवे ने महिला यात्रियों के लिए स्टेशनों एवं विशेषतया प्लेटफॉर्मों पर विशेष सुविधा का प्रावधान किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने एक अभिनव पहल करते हुए प्लेटफॉर्म पर प्रतीक्षारत महिला यात्रियों के लिए अक्षिता नाम से एक उपयुक्त स्थान को चिन्हांकित किया है जिसमें ट्रेन की प्रतीक्षा के दौरान महिला यात्रियों के लिए बैठने की सुविधा के साथ अन्य उपयुक्त सुविधा दी है।

देश की धड़कन भारतीय रेलवे प्रतिदिन लाखों यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती है। यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा तथा संरक्षा के साथ ट्रेन परिचालन रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। करोड़ों यात्रियों में देश की आधी आबादी महिलाएं भी सम्मिलित हैं। रेलवे निरंतर सुविधाओं को आधुनिक तथा उन्नत बनाने के दिशा में अग्रसर है। यात्री केन्द्रित सुविधा का विकास तथा उनसे फीडबैक के आधार पर सुविधाओं को सरल एवं सहज बनाने का प्रयास लगातार जारी है।

### महिला यात्रियों को सुरक्षित स्थल उपलब्ध कराने का लक्ष्य

महिला सशक्तिकरण की दिशा एक कदम और आगे बढ़ते हुए अकेली महिला यात्रियों को रेलवे प्लेटफॉर्म पर प्रतीक्षा के दौरान एक ऐसी जगह उपलब्ध कराना था जहां कि वो अपने आप को सुरक्षित महसूस करे। चिन्हांकित स्थान होने के कारण प्रत्येक रेलकर्मी की नजर इस सेफ बबल पर रहती है जिससे यह स्थान




महिलाओं के लिए सुरक्षात्मक दृष्टि से उपयुक्त है। सीसीटीवी कैमरे की नजर में इस स्थान के रहने से रेलवे सुरक्षा बल नियंत्रण कार्यालय लगातार इस पर अपनी नजर रखता है। इसमें पुरुष यात्रियों का प्रवेश वर्जित रहता है जिसके कारण अकेली प्रतीक्षारत महिलाएं सहज भाव से बिना किसी हिचक के आराम के साथ प्लेटफॉर्म पर अपना प्रतीक्षा समय व्यतीत करती है।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन स्टेशनों में है सुविधा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने 9 महत्वपूर्ण स्टेशनों बिलासपुर, रायपुर, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, अनुपपुर, गोंदिया, रायगढ़, दुर्ग एवं भिलाई स्टेशनों के सामान्यतया प्लेटफॉर्म नंबर 01 पर एक ऐसे जगह को चिन्हांकित किया जो कि प्लेटफॉर्म के लगभग मध्य स्थित हो, रेलवे सुरक्षा बल के पोस्ट, स्टेशन मास्टर आदि रेल कार्यालय के निकट हो। यहां अनिवार्यतया सीसीटीवी कैमरे लगें हो, पानी आदि की सुविधा निकट हो। इन स्टेशनों पर उपर्युक्त संदर्भित सुविधाओं को देखते हुए ऐसे स्थानों को चिन्हाकित कर उन्हें बैरिकेट कर एक सेफबबल का निर्माण किया गया। इन स्थानों पर रेलवे सुरक्षा बल की महिला कर्मी लगातार निगरानी करती हैं।

### कांच की दीवार से की जाती है बैरिकेडिंग


यह स्थान कांच की दीवार से बैरिकेड होने के कारण सभी तरफसे दिखता है। केवल महिलाओं की उपस्थिति उनमें पारस्परिक विश्वास पैदा करता है। अकेली महिलाओं के लिए यह स्थान अन्य महिलाओं के बीच तत्काल पहुंच उपलब्ध कराती है। अक्षिता सेफबबल की सबसे महत्वपूर्ण बातें यह है कि यह सेफबबल मौजूदा सुविधाओं का उपयोग करके ही बनाया गया केन्द्र बिन्दु है जिसमें कोई अतिरिक्त लागत नही लगी है तथा इसके अनुरक्षण में किसी भी अतिरिक्त लागत की आवश्यकता नहीं है। अक्षिता स्टेशन पर प्रतीक्षारत महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करता है तथा रेल यात्रा के प्रति उनके विश्वास को और मजबूत करता है। कुल मिलाकर यह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की अभिनव, अनूठी एवं सार्थक पहल है।

## खास खबर...




### विदेशों में भी गोबर के दिए से जगमग होगी दिवाली

**रायपुर (ए)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मनोहर गौशाला की ओर से निःशुल्क गोबर के दिए वितरित किए जा रहे हैं। कामधेनु गौमाता के गोबर से निर्मित औषधीय युक्त गोबर के वैदिक दीपक भारत सहित विदेशों में भी दिवाली पर जगमगाएंगे। इसके लिए मनोहर गौशाला की ओर से अमेरिका, ब्राजील सहित कई देश कोरियर के माध्यम से भेजे जा चुके हैं। देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री कार्यालय को भी गोबर के दिए प्रेषित किए जा चुके हैं। मनोहर गौशाला के मैनेजिंग ट्रस्टी अखिल जैन (पदम डाकलिया) ने बताया, गोशाला में इस वर्ष दिवाली पर निःशुल्क वितरण के लिए एक लाख से अधिक दीपक का निर्माण किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक करीब साढ़े चार लाख दीपक निःशुल्क पिछले चार साल में वितरित किए जा चुके हैं।



### छत्तीसगढ़ में बदलेगा मौसम का मिजाज, धनतेरस में और बढ़ेगी ठंड दो डिग्री तक गिरेगा पारा

**रायपुर।** तीन दिन बाद खरीदारी का महामुहूर्त धनतेरस आने वाला है और मौसम का मिजाज भी बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार न्यूनतम तापमान में दो डिग्री तक गिरावट की उम्मीद है और धनतेरस के अवसर पर ठंड और बढ़ने वाली है। हालांकि उसके बाद न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ठंड ज्यादा पड़ने की उम्मीद है।

प्रदेश में अब मौसम का मिजाज बदलने लगा है और ठंड में बढ़ोतीर हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही आउटर में ठंड बढ़ने लगी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान गिरेगा तो ठंड में और बढ़ोतरी होगी। सोमवार को प्रदेश भर में बलरामपुर सबसे ठंडा रहा,एआरजी बलरामपुर में न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर में न्यूनतमतापमान 19.7 डिग्री रहा,जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा।

### 15 से 17 नवंबर तक शुष्क दिवस घोषित



**रायपुर (ए)।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने जिले में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए 15 नवंबर को शाम 5 बजे से लेकर 17 नवंबर को मतदान समाप्ति तक जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेन्ट-बार, होटल-बार, क्लब इत्यादि, भांग/भांगघोटा एवं भण्डारण-भाण्डागार तथा मतगणना तिथि 3 दिसंबर के दिन संबंधित मतगणना स्थल क्षेत्रों की समस्त आबकारी केन्द्रों को सम्पूर्ण दिवस पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए है। डॉ भुरे ने शुष्क अवधि में सभी निर्देशों का पालन करने को कहा है और उल्लंघन करने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# ज्ञानी व्यक्ति भी नर्क में जा सकता है, अज्ञानी भी मोक्ष प्राप्त कर सकता हैः प्रवीण ऋषि



### उत्तराध्ययन श्रुतदेव आराधना के 14वें दिवस उपाध्याय प्रवर ने बताई अष्टप्रवचन माता की महिमा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** उपाध्याय प्रवर प्रवीण ऋषि ने कहा कि कैसे कोई केशी श्रमण और इंद्रभूति बनता है? भगवान पार्श्वनाथ और महावीर ने उन्हें क्या सीख दी थी? जिस सीख से कोई केशी श्रमण और इंद्रभूति बनता है, जिनशासन में उसे प्रवचन माता कहते हैं। परमात्मा ने आठ आयाम की प्रवचन माता कही है। एक मां में ये आठ आयाम होने चाहिए, तभी उनकी संतानें केशी श्रमण और इंद्रभूति बनती है। और ये आठ आयाम जीवन को किस ऊंचाई पर ले जाते हैं, इसका वर्णन सुधर्म स्वामी श्रुतदेव आराधना के 24, 25 व 26वें अध्याय में किया है। उक्ताशय की जानकारी रायपुर श्रमण संघ के अध्यक्ष ललित पटवा ने दी। उत्तराध्यन श्रुतदेव आराधना के 14वें दिवस सोमवार को उपाध्याय प्रवर ने विजयी जीवनशैली और खुशहाल परिवार के बारे में बताया। आज के लाभार्थी परिवार राजदेवी सुरेश कुमार जैन परिवार भिलाई ने लालगंगा पटवा भवन में आने वाले श्रावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया।

उपाध्याय प्रवर ने कहा कि क्या है अष्टप्रवचन माता? परमात्मा का, पूरे जिनशासन का ज्ञान इन अष्टप्रवचन माता में समाहित है। उन्होंने कहा कि जिसे संपूर्ण, अवधि ज्ञान प्राप्त हो चुका है, अगर वह अष्टप्रवचन माता का पालन नहीं करता है तो नर्क में जाता है। और जिसके पास एक भी आगम का ज्ञान नहीं है, लेकिन वह अष्टप्रवचन माता का सही तरीके से पालन करता है तो वह मोक्ष में जा सकता है। अर्जुन माली को आगम का ज्ञान नहीं था, लेकिन उसके पास अष्टप्रवचन माता थी, इसलिए वह मोक्ष को प्राप्त हुआ। जमाली ने परमात्मा से आगम सीखे थे, लेकिन अष्टप्रवचन माता का परिपालना नहीं कर पाया। अष्टप्रवचन माता में 5 वचन और 3 गुप्ति समाहित हैं। 3 गुप्ति हैं; मनोगुप्ति : अर्थात मन से राग/द्वेष का परिहार करना, वचन गुप्तिः असत् वचन से निवृति कर ध्यान अध्ययन करना, काय गुप्तिः हिंसादि पापों की निवृति पूर्वक कायोत्सर्ग आदि धारण करना। 5 समिति हैं, इर्या समितिः अर्थात प्रासुक मार्ग पर चलना आदि, एषणा समितिः अर्थात निर्दोष आहार ग्रहण की प्रवृति, भाषा समितिः हितकारी एवं प्रमाणिक वचन का बोलना, आदान-निक्षेपण समितिः वस्तु के देख कर उठाना-रखना, प्रतिष्ठापना समितिः कैसे किसी वास्तु को नष्ट करना। और इन आठों आयामों को मिलकर ये प्रवचन माता है। 5 समिति और 3 गुप्ति का जो ज्ञान रखेगा वह कभी नर्क नहीं जा सकता, अन्यथा केवल ज्ञानी भी नर्क जा सकता है।

# स्टेज छोड़ युवाओं के बीच पहुंचे अमाल मलिक, एम्स के 'ओरियाना' में बालीवुड सिंगर के गानों पर झूमे युवा

**रायपुर (ए)।** सब तेरा... गाना खत्म हुआ और अमाल मलिक ने अपने आपको शाबाशी देते हुए कहा- वेल डन अमाल मलिक, तूने अच्छा परफॉर्म किया। इसके बाद बालीवुड सिंगर और म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक गीत गुनगुनाने लगे- तू जो नजरों के सामने कल होगा नहीं...रोके न रुके नैना। इस गाने को सुनकर एम्स में पढ़ाई कर रहे अंतिम वर्ष के छात्र भावुक हो गए और दोस्तों ने एक-दूसरे को गले लगाया। इसके बाद अभी तो पार्टी शुरू हुई है... केसरिया तेरा इश्क है पिया...की धमाकेदार प्रस्तुति दी और सभी झूमने लगे।





सिंगर अमाल मलिक मंच पर प्रस्तुति देते-देते नीचे उतर गए और भीड़ में चले गए। युवाओं में जोश भरते हुए उन्होंने अपने पसंदीदा गीत मेरे पास तुम रहो जानू की बात न करो गीत गुनगुनाया। अमाल मलिक को अपने बीच पाकर छात्र छात्राएं उनके साथ सेल्फी लेने लगे।

चार दिन चलने वाले एम्स रायपुर के वार्षिक कार्यक्रम ओरियाना का रविवार को समापन हुआ। इस दौरान शाम की गुलाबी ठंड में सिंगर और म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक ने प्रस्तुति दी। तेरे लिए सिग्नल तोड़ ताड के...शामे मलंग सी...तू तू तू मेरी होने लगीं... हो जा जरा मतलबी गाने पर छात्र-छात्राएं ऐसे झूमे कि रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। जोश और उत्साह से भरी शाम भी गर्मी में बदल गई।


### गाने के बीच में बताई अपने जीवन से जुड़ी खास बातें

सिंगर और कंपोजर अमाल मलिक गायकी की प्रस्तुति देने के साथ बीच में श्रोताओं से बातचीत करते भी नजर आए। इस दौरान वे अपने जीवन से जुड़े कुछ खास फलों को बताया। उन्होंने कहा कि एक फिल्म के लिए मैंने गाना कंपोज किया था, जिसको तैयार करने में मुझे एक साल मेहनत करनी पड़ी थी, लेकिन उस गाने को रिजेक्ट कर दिया गया। मुझे बहुत अफसोस हुआ और लगा कि मेरे साथ गलत हुआ, लेकिन बाद में महसूस हुआ कि जो भी होता है, अच्छे के लिए होता है और अच्छा सही समय आने पर ही होता है।

# वोटर लिस्ट में अगर न हो नाम तो करें ये काम, मताधिकार का कर पाएंगे प्रयोग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होने हैं। पहले चरण में सात नवंबर को 20 सीटों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। वहीं दूसरे चरण का मतदान 17 नवंबर को होगा। मतदान के दिन अक्सर देखा गया कि वोटर आईडी कार्ड तो बना होता है लेकिन वोटर लिस्ट में नाम नहीं होता है। इस कारण कई मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर पाते। आप मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए इन आवश्यक स्टेप्स को फॉलो कर सकते हैं।

हमेशा ऐसी समस्या देखी गई है कि वोटर आईडी कार्ड तो बना होता है लेकिन वोटर लिस्ट में नाम नहीं होता है जिसकी वजह से कई मतदाताओं को अपने कीमती मताधिकारी का प्रयोग करने समस्या का सामना करना पड़ता है। अगर आप उस निर्वाचन क्षेत्र के भीतर एक नए पते पर चले गए हैं जहां से आप चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाता के रूप में पात्र हैं, तो आपको या तो वेबसाइट nic.gov.in से फॉर्म 8ए को डाइउनलोड करना होगा या तो फिर आपको निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय (ईआरओ)



और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय (एईआरओ) में जाना होगा। कार्यालय में आपको निःशुल्क फॉर्म प्राप्त हो जाएगा।

अगर आप किसी विभिन्न निर्वाचन क्षेत्र के भीतर एक नए पते पर चले जाते हैं, जहां से आप पहले चुनाव में मतदान करने के लिए मतदाता के रूप में पात्र थे, तो आपको या तो वेबसाइट nic.gov.in से फॉर्म6 को डाइउनलोड करना होगा या तो फिर आपको निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय (ईआरओ) और सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय (एईआरओ) में जाना होगा। अगर आपके पास वोटर आईडी कार्ड है लेकिन मतदाना सूची में नाम नहीं तो ऐसी स्थिति में आप ऑनलाइन नाम दाखिल करा सकते हैं। ऑनलाइन नाम दाखिल कराने के लिए आपको कुछ जरूरी स्टेप्स को फॉलो करना होगा।

### यह हैं वे सभी जरूरी स्टेप्स

**स्टेप 1:-** www.eci.nic.in की वेबसाइट पर जाएं और ऑनलाइन वोटर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करें।
**स्टेप 2-** वेबसाइट पर जाने के बाद साइन अप करने के लिए विशिष्ट उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड दाखिल करें।
**स्टेप 3-** यूजर की फोटो अपलोड करने के लिए जो जगह बची है आपको वहां यूजर का पासपोर्ट साइज फोटो अपलोड करना होगा।
**स्टेप 4-** एक ऐसा दस्तावेज आपको अपलोड करना होगा जिसे आपके पते के रूप में स्वीकार किया जा सके, अगर किसी स्थिती में आप अपने डॉक्यूमेंट अपलोड नहीं कर पा रहें है तो आप डॉक्यूमेंट को दाखिल कराने के लिए बूथ लेवल के अधिकारी को दौरे पर आने के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# सुबह के नाश्ते में इन बीजों का करें सेवन, स्वास्थ्य को मिलेंगे कई लाभ

सुबह का नाश्ता करना हम सभी के लिए जरूरी होता है क्योंकि यह पूरे दिन का सबसे जरूरी भोजन माना जाता है। ऐसे में सुबह के वक्त नाश्ते के रूप में सही और स्वस्थ डाइट को चुनना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप अपनी डाइट में कई पोषक तत्वों से भरपूर बीजों को शामिल कर सकते हैं। आइये आज स्वास्थ्य टिप्स में ऐसे ही कुछ बीजों के बारे में जानते हैं।



## चिया बीज

चिया बीज देखने में भले ही छोटे होते हैं, लेकिन सेहत पर इसका असर भरपूर होता है। इसमें डायटरी फाइबर, फैटी एसिड, प्रोटीन और एंटी-ऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसका सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। इसके लिए आप इन्हें सुबह के नाश्ते में दही, स्मूदी और दलिया में मिलाकर खा सकते हैं। यह सेहत के साथ-साथ त्वचा की देखभाल के लिए भी अच्छा है।

## अलसी के बीज

अलसी के बीज अल्फा-लिनोलेनिक एसिड से भरपूर होते हैं, जो हृदय के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में मदद करता है इसके अलावा यह डायटरी फाइबर का एक उत्कृष्ट स्त्रोत है, जो पाचन क्रिया में सुधार और उच्च ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में भी मदद करता है। आप अलसी के बीजों को पीस लें और फिर इसके पाउडर को कॉफी में मिलाकर पीये। अलसी के बीज के अलावा इसके तेल से भी लाभ मिलते हैं।

## सूरजमुखी के बीज

सुबह के नाश्ते में आप सूरजमुखी के बीज को भी शामिल कर सकते हैं। यह आपके समग्र स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। इसमें विटामिन-ई, एंटी-ऑक्सीडेंट, खनिज और मैग्नीशियम जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो मांसपेशियों को मजबूत और तंत्रिका कार्यों में सुधार करते हैं। आप इस बीज को दही में मिलाकर खा सकते हैं या फिर इसे एवोकाडो टोस्ट के ऊपर डालकर भी इसका सेवन कर सकते हैं।

## कद्दू के बीज

कद्दू के बीज को पेपिटास भी कहा जाता है। ऐसे लोग जो प्रोटीन से भरपूर नाश्ते का सेवन करते हैं, उन्हें इसे अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। ये बीज आयरन, मैग्नीशियम और जिंक से भी भरपूर होते हैं, जिसके सेवन से कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। सर्दियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए भी इसका सेवन किया जा सकता है। रोजाना 100 ग्राम कद्दू के बीज के सेवन से ये फायदे मिलते हैं।

# ये रिश्ता क्या कहलाता है छोड़ने के बाद प्रणाली राठौड़ को ऑफर हुआ नया शो सामने आई ये डिटेल्स



राजन शाही का शो ये रिश्ता क्या कहलाता है टीवी का पॉपुलर शो है। शो में नई जेनरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। शो की लीड प्रणाली राठौड़ को एक्ट्रेस समृद्धि शुक्ला रिप्लेस कर रही हैं। प्रणाली को शो में अक्षरा के किरदार में देखा गया था। प्रणाली की जोड़ एक्टर हर्षद चोपड़ा के अपोजिट रोल में थीं।

अब खबरें हैं कि प्रणाली ये रिश्ता क्या कहलाता है शो छोड़ने के बाद नए सीरियल में नजर आने वाली हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रणाली को सोनी टीवी के नए शो के लिए अप्रोच किया गया है। हालांकि, शो से जुड़ी डिटेल्स अभी तक सामने नहीं आई हैं। वहीं मेकर्स और एक्ट्रेस दोनों की तरफ से ही अभी तक शो को लेकर कोई अनाउंसमेंट नहीं की गई है।

प्रणाली के वर्क फ्रंट पर नजर डालें तो उन्होंने शो प्यार पहली बार से शुरुआत की थी। इस शो में वो सान्वी के रोल में नजर आई थीं। इसके बाद वो जात न पूछो प्रेम की, बैरिस्टर बाबू, क्यों उत्थे दिल छोड़ आए, ये रिश्ता क्या कहलाता है जैसे शोज में नजर आईं। उन्होंने अनुपमा में स्पेशल अपीरियंस दी। वहीं वो रविवार विद स्टार परिवार में भी दिख चुकी हैं।

उन्होंने ओटीटी वर्ल्ड में भी काम किया है। वो 2021 में आई वेब सीरीज चुट्ज़पा में ऋचा का रोल निभाया था।

वहीं शो ये रिश्ता क्या कहलाता है कि बात करें तो अब शो में प्रणाली राठौड़ की बेटी अभिरा पर शिफ्ट होने वाली है। शो में शहजादा धामी मेल लीड के रोल में नजर आएंगे। शो के नए प्रोमो भी रिलीज कर दिए गए हैं।

# द रेलवे मैन का ट्रेलर जारी, भोपाल गैस त्रासदी पर है वाईआरएफ की वेब सीरीज




यशराज फिल्म्स भारत का सबसे बड़ा फिल्म स्टूडियो है जो इन दिनों अपनी स्पाई यूनिवर्स को लेकर खासी चर्चा पा रहा है। इस प्रोडक्शन हाउस ने सिनेमा प्रेमियों को अब तक कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। अब यह ओटीटी प्लेटफार्म पर अपने कदम रख रहा है। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले आदित्य चोपड़ा ने पहली वेब सीरीज द रेलवे मैन बनाई है, जो भोपाल गैस त्रासदी पर है, जिसका आज ट्रेलर जारी किया है। ट्रेलर पूरी तरह से किसी भव्य फिल्म का अहसास करता है। कुछ दिनों पहले इसका टीजर रिलीज किया गया था। तब से ही सोशल मीडिया पर इसकी खूब चर्चा हो रही थी। लोग इसके अपडेट को लेकर काफी उत्सुक दिखे। अब इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो झकझोर देने वाला है।

गौरतलब है कि 2-3 दिसंबर 1984 की रात भोपाल के एक पेस्टीसाइड प्लांट से जहरीली गैस लीक हो गई थी, जिससे करीब 2000 लोगों की जान चली गई थी। लाखों कर्मचारी और शहरवासियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। द रेलवे मेन एक थ्रिलर सीरीज है। इसमें उन हीरो की कहानी दिखाई जाएगी, जिन्होंने जान दांव पर लगाकर लोगों की मदद की थी। कह सकते हैं कि सीरीज में उन अनसंग हीरोज के बारे में दिखाया जाएगा जिनके किस्से अनसुने रह गए। इसमें केके मेनन, दिव्येंदु शर्मा, बाबिल खान और आर. माधवन जैसे कलाकार हैं। द रेलवे मेन के ट्रेलर में इन चारों एक्टर्स की छाप छोड़ने वाली परफॉर्मेंस देखने को मिल रही है। सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 18 नवंबर को रिलीज की जाएगी।


# थाई हाई साइड कट ड्रेस में शहनाज गिल ने दिए ऐसे-ऐसे पोज, फैंस बोले- तुम हुस्न परी



बिग बॉस 13 की एक्स कंटेस्टेंट शहनाज गिल आए दिन अपनी खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर शेयर होते ही ट्रेंड करने लग जाता है। हाल ही में एक्ट्रेस शहनाज गिल ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से इंस्टा पर तबाही मचा दी है। बॉलीवुड अभिनेत्री शहनाज गिल अक्सर फैंस के लिए अपनी हॉट फोटोज और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। उनके हर एक लुक की फैंस तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस शहनाज गिल ने व्हाइट कलर का थाई हाई साइड कट ड्रेस पहना हुआ है, जिसमें वो काफी स्टाइलिश नजर आ रही हैं। शहनाज गिल सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है। फोटोज में आप देख सकते हैं शहनाज गिल ने बालों को स्टाइल करवा के साथ ही न्यूड मेकअप और डार्क लिप्सटिक लगा कर अपने लुक को और भी ज्यादा खूबसूरती से निखारा है। एक्ट्रेस के इस शानदार लुक को देखकर बॉलीवुड सेलेब्स से लेकर फैंस तक उनकी फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने उनकी फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- तुम हुस्न परी तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है- ब्यूटिफुल। वहीं बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर ने भी कॉमेंट करते हुए लिखा है- लुकिंग फायर। इन तस्वीरों में शहनाज गिल कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज देते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं।

# लगातार देर तक काम करना हो सकता है सेहत के लिए नुकसानदायक, यह है इसके प्रभाव को कम करने के 3 उपाय

जीवनयापन करने के लिए काम करना बहुत जरूरी होता है, हाल ही में इन्फोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने हफ्ते में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी, जिसके बाद सभी लोग हैरान हो गए थे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि लंबे समय तक काम करना न सिर्फ आपकी पर्सनल और फैमिली लाइफ को नुकसान पहुंचता है, बल्कि आपकी सेहत के लिए भी बहुत नुकसानदायक है। आइए आज हम आपको बताते हैं कि लंबे समय तक काम करने से क्या नुकसान होते हैं और इससे आप कैसे डील कर सकते हैं।



2021 में वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन ने एक रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि 2016 में स्ट्रोक और दिल के दौर के कारण लगभग 745000 लोगों की मौत हो गई थी। इसके पीछे की वजह लंबे समय तक काम करना, नींद ना आना, खराब डाइट और तनाव था। यह सभी कारण आपके दिल पर बुरा प्रभाव डालते हैं।

## लॉन्ग वर्किंग घंटों के नुकसान

लंबे समय तक काम करने से न सिर्फ आपकी फैमिली और पर्सनल लाइफ बाधित होती है, बल्कि यह आपके शरीर के लिए भी नुकसानदायक होता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, लॉन्ग वर्किंग ऑवर का प्रभाव आपकी डाइट और एक्सरसाइज रूटीन पर भी पड़ता है, क्योंकि आप इन सारी चीजों को कम कर देते हैं और काम पर फोकस करने लगते हैं। इतना ही नहीं ज्यादा समय तक काम करने वाले लोगों को सिगरेट, शराब, चाय, कॉफी जैसी लत भी जल्दी लग जाती है जिसका पूरा प्रभाव शरीर पर पड़ता है। ऐसे में काम और लाइफ के बीच में बैलेंस बनाना बहुत जरूरी है।

## इस तरह से काम और लाइफ के बीच करें कोऑर्डिनेशन

### समय सीमा निर्धारित करें

वर्किंग लोगों के ऊपर हमेशा काम करने का दबाव होता है, लेकिन काम और आराम के बीच समय का कोआर्डिनेशन करना बहुत जरूरी होता है। आप अपनी क्षमता के अनुसार ही काम करें और बीच-बीच में ब्रेक भी लें।


### सेल्फ केयर

लॉन्ग वर्किंग ऑवर के साथ-साथ जरूरी है कि आप अपनी खुद की केयर भी करें। एक्सरसाइज के लिए समय निकालें, हेल्दी डाइट लें और समय से सोए और समय से उठें।

### घंटे के हिसाब से काम करें

अपना वर्किंग शेड्यूल 8-8-8 के हिसाब से बनाएं, जिसमें 8 घंटे आपको काम करना है, 8 घंटे सोना है और 8 घंटे आपको अपने फैमिली, फ्रेंड्स और खुद के लिए निकलना है। इससे एक बैलेंस लाइफ बनी रहती है और स्ट्रेस लेवल भी कम होता है।

# फिल्म ठग लाइफ से कमल हासन की पहली झलक आई सामने, दुलकर सलमान भी जुड़े




कमल हासन पिछले लंबे समय से अपनी आगामी फिल्म केएच234 को लेकर चर्चा में हैं। इसके निर्देशन की कमान मणिरत्नम ने संभाली है। फिल्म को लेकर तरह-तरह की जानकारी सामने आती रहती है। अब कमल की इस फिल्म से उनके लुक के साथ ही इसके शीर्षक की घोषणा हो गई है। इस फिल्म का नाम ठग लाइफ रखा गया है। इसके साथ उन्होंने फिल्म की पहली झलक दिखाई है, जिसमें वह धांसू अवतार में नजर आ रहे हैं।

ठग लाइफ से कमल का पहला लुक भी सामने आ चुका है, जिसमें उनका पूरा चेहरा ढका हुआ है और बस उनकी आंखें दिख रही हैं। फिल्म में दुलकर सलमान भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। कमल और दुलकर के अलावा जयम रवि, तृषा, अभिरामी और नासिर भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। ठग लाइफ एक पैन इंडिया फिल्म होगी, जिसे एक साथ कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। यह फिल्म अगले साल तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। राज कमल इंटरनेशनल फिल्म्स और मद्रास टॉकीज बैनर के तहत कमल हासन, मणिरत्नम, आर. महेंद्रन और शिव अनंती द्वारा निर्मित, यह फिल्म उदयनिधि स्टालिन द्वारा प्रस्तुत की गई है। एआर रहमान द्वारा संगीत तैयार करने, संपादक के रूप में श्रीकर प्रसाद और छायाकार के रूप में रवि के चंद्रन के साथ, फिल्मांकन जल्द ही शुरू होने वाला है।

## गुंटूर कारम का पहला सिंगल दम मसाला प्रोमो अभी जारी

बहुप्रतीक्षित टॉलीवुड फिल्म, गुंटूर कारम ने एक बार फिर ध्यान आकर्षित किया है, सुपरस्टार महेश बाबू ने इस एक्शन से भरपूर ड्रामा के लिए निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ मिलकर काम किया है, जो 12 जनवरी, 2023 को रिलीज होने वाली है। दम मसाला गाने के हालिया प्रोमो रिलीज ने 7 नवंबर, 2023 को पूरे गाने के लॉन्च को छेड़ते हुए, महेश बाबू की आकर्षक उपस्थिति को उजागर किया है। संजीत हेगड़े द्वारा गाया गया और राम जोगय्या शास्त्री के गीतों के साथ थमन द्वारा रचित, प्रोमो ने प्रत्याशा बढ़ा दी है। मीनाक्षी चौधरी और श्रीलीला की प्रमुख महिला भूमिकाओं वाली यह फिल्म सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर फिल्म्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित है, जिसमें थमन संगीत निर्देशक के रूप में अग्रणी हैं। गुंटूर कारम की रिलीज की तारीख नजदीक आने पर इसके बारे में अधिक अपडेट के लिए हमारे साथ बने रहें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## छत्तीसगढ़ में छाया गैस सिलेण्डर

# बिलासपुर के बाजार में 100 रुपए में बिक रहा सिलेण्डर

श्रीकंचनपथ न्यूज डेस्क

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों विधानसभा चुनाव के दौरान गैस सिलेण्डर का मुद्दा गरमाया हुआ है। भाजपा ने जहां अपने घोषणा पत्र में 500 रुपए में गैस सिलेण्डर देने की बात कही है वहीं छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने प्रति सिलेण्डर 500 रुपए की सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। ट्रेंडिंग में चल रहे इस मुद्दे को भुनाने में कुम्हार भी पीछे नहीं हैं। बिलासपुर के बाजार में मिट्टी के गैस सिलेण्डर लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुआ है। मध्य प्रदेश के चंदिया के कुम्हारों ने दिवाली पर बच्चों के लिए खास गुल्लक वाला रसोई गैस सिलेण्डर बिक्री के लिए बाजार में उतार दिया है। मात्र 100 रुपये में मिलने वाले इस सिलिंडर ने लोगों के बीच खास जगह बना ली है।




न्यायधानी में इस साल दिवाली और भी खास होने वाला है। चुनावी साल में जहां राजनीति पार्टियां जनता को लुभावने घोषणाओं के जरिए रिझाने का पुरजोर प्रयास कर रहे हैं,तो वहीं दिवाली पर बाजार में भी ग्राहकों के लिए एक से बढ़कर आफर आ चुके हैं। खास बात यह कि मध्य प्रदेश के चंदिया से आने वाले कुम्हारों ने भी खूब तैयारी की है। रेलवे परिक्षेत्र के बंगला यार्ड स्टेशन रोड पर दुकानें सज चुकी हैं। डिजाइनर दीए के साथ रंग-बिरंगे धूप दान, कलश और बच्चों के लिए मिट्टी के खिलौने शामिल हैं। इनमें लाल रंग के रसोई गैस सिलिंडर (गुल्लक) सभी को खूब पसंद आ रहा है। इसकी कीमत 100 रुपये है। कुछ जगहों पर 70 रुपये में छोटा सिलिंडर मिल रहा है। दिवाली पर इस साल कुम्हारों ने खास बच्चों के लिए बनाया है।

### घर-आंगन होगा रोशन

गांवों में मिट्टी का बर्तन बनाने वाले कुम्हार दिन-रात एक कर ग्वालिन से लेकर दीये तैयार कर बाजार में उतार चुके हैं। लोगों के घर आंगन मिट्टी के दीये से रोशन होंगे और उनके कारोबार को दोबारा बुरे दिन नहीं देखने पड़ेंगे। बिलासपुर में विगत पांच वर्षों से लगातार चीनी उत्पादों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसके कारण दिवाली पर चाइनीज झालरों का बहिष्कार जारी है। ऐसी स्थिति में स्वदेशी पर सबसे अधिक बल दिया जाता है। यही कारण है कि स्थानीय लोग मिट्टी के सामान के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। वहीं चुनावी साल में दिवाली त्योहार के बीच रसोई गैस सिलेण्डर वाला गुल्लक खासा प्रभावित कर रहा है।

### पटाखों का बाजार भी सजा

इसके अलावा न्यायधानी में पटाखों का बाजार भी सज गया है। यहां के प्रमुख बाजारों में आकर्षक पटाखे आ चुके हैं। बताया जा रहा है कि इस बार भी पिछले वर्ष की तरह चाइनीज पटाखों के खिलाफ समाज सेवी संस्थाएं अभियान चला रही है। देशी पटाखों को खरीदने पर जोर दिया जा रहा है। दिवाली अभी 5 दिन दूर है लेकिन बाजार में रौनक जारी है। विधानसभा चुनावों के बीच छत्तीसगढ़ में त्योहारों की खुमारी भी अपने चरम पर है।

## छत्तीसगढ़ मंच ने अनूठी पहल कर गीतों के माध्यम से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के बैनर तले बीते कल शनिवार को शहर के हृदय स्थल पुराना बस स्टैंड में संगीतमय शाम सुरीला सफर के माध्यम से मतदाता जागरूकता संदेश का अनोखा अभियान चलाया गया । मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, दिनेश जैन एवं तुलसी सोनी ने बताया कि मंच द्वारा गीतों के माध्यम से मतदाता जागरूकता का अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रघुनंदन लाल श्रीवास्तव, सुराना , चंद्रिका दत्त चंद्राकर, कवि रवि श्रीवास्तव, विश्वनाथ पाणिग्रही,अनूप सिंग भाटिया एवं हाजी मिर्जा साजिद बैग प्रमुख रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ मंच के गायक कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया तथा उपस्थित संगीत प्रेमियों को मंच के संरक्षक तुलसी सोनी ने शपथ दिलाते हुए उपस्थित संगीत प्रेमियों से अधिक से अधिक मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर मंच के गायक कलाकार यूनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, गुलाब चौहान, तुलसी सोनी, रमन सिंह ,जाहिद अली, संजय लारोकर,दीपक शर्मा, जयंती सिंह एवं प्रकाश सेठ ने एक से बढ़कर एक गीतों की शानदार प्रस्तुति दी जिसे उपस्थित संगीत प्रेमियों एवं शहर वासियों ने काफी सराहा । इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जाबिर अली,माधुरी लारोकर,बहादुर अली थरानी, मोहम्मद मतीन, राजेश जैन, अनिल गुप्ता, किशोर जैन, भागी भाई, किशोर जैन, दुर्गा भाई, असलम कुरैशी, जावेद भाई, अलीम कुरैशी, सहित काफी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संरक्षक तुलसी सोनी एवं आभार प्रदर्शन मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने किया।

## खास खबर

### ईवीएम, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट की कमीशनिंग की प्रक्रिया शुरु

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशानुसार द्वितीय रेण्डमाईजेशन के उपरांत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त बीयू, सीयू एवं वीवीपेट को कृषि उपज मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में अंतिम रूप से मतदान केन्द्रों के लिए तैयार किया जा रहा है। गरियाबंद जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर की उपस्थिति में शुरु हुई कमीशनिंग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल उपस्थित रहे। कमीशनिंग की प्रक्रिया सुबह 9 से 1 बजे तक एवं 2 बजे से शाम 7 बजे तक की गई।सभी मशीनों की कमीशनिंग प्रक्रिया 7 नवम्बर तक चलेगी। कमीशनिंग के दौरान सभी मतदान केंद्रों में जाने वाली ईवीएम में बैलेट पेपर लगाने की प्रक्रिया शुरू की गई। कमीशनिंग के दौरान सीयू में पिंक पेपर सील लगाई गई। पिंक पेपर सील पर अभ्यर्थी अथवा उसके प्रतिनिधि तथा ईसीआईएल के इंजीनियर ने अपने हस्ताक्षर किये। कैंडिडेट सेट करते समय सीयू, बीयू और वीवीपेट को साथ जोड़ा गया। इसके बाद मॉक पोल कर सत्यता की जांच की गई। सीलिंग प्रक्रिया के दौरान सीयू के स्विच को ऑफ रखा गया। वीवीपैट में थर्मल पेपर रोल लगाया गया।बैटरी इंस्टॉल करके वीवीपैट में सिंबल लोडिंग जिग मशीन की सहायता से ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा की गई। इसके साथ ही ईवीएम नंबर, बीयू,सीयू नंबर,उनके बैटरी नंबर,वीवीपैट नंबर, रजिस्टर में दर्ज किये गये। कमीशनिंग के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त चार इंजीनियर भी मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का हुआ आयोजन

**गरियाबंद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देश पर अपर जिला एवं सत्र न्यायालय गरियाबंद, तथा राजस्व जिला गरियाबंद के राजस्व न्यायालयों एवं राजिम एवं देवभोग के न्यायालयों में 5 नवम्बर को राज्य स्तरीय वृहद जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।उक्त लोक अदालत हेतु तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद द्वारा 1 न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गरियाबंद प्रशान्त कुमार देवांगन का गठन किया गया था,तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष यशवंत वासनीकर ने बताया कि उक्त जेल लोक अदालत हेतु न्यायिक निराकरण किया गया। इसी प्रकार राजस्व न्यायालय मैनपुर से लोक अदालत में निराकृत योग्य लंबित 2 प्रकरण रखे गये थे।

## पुलिस विभाग के मतदाता के लिए बनाए गए सुविधा केन्द्रों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** पुलिस विभाग के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में सुरक्षा ड्यूटी में तैनात रहेंगे, को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए 07 से 09 नवम्बर तक 03 सुविधा केन्द्र बनाया गया है। सुविधा केन्द्र में डाक मतपत्र के द्वारा मतदान हेतु निर्धारित संपूर्ण प्रक्रिया का पालन कराने एवं आवश्यक सामग्री व दस्तावेज कोषालय से सुविधा केन्द्र एवं वापसी हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जो इस प्रकार है-सुविधा केन्द्र रक्षित केन्द्र दुर्ग के लिए उप पुलिस अधीक्षक सी.पी.तिवारी एवं नायब तहसीलदार धमधा राधेश्याम वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है। पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई नगर सेक्टर 06 में उप पुलिस अधीक्षक श्री राजीव शर्मा एवं नायब तहसीलदार अहिवारा श्री कुंदन लाल शर्मा को प्रभारी नियुक्त किया गया है।



इसी प्रकार सुविधा केन्द्र स्वामी आत्मानंद ऑडिटोरियम पाटन के लिए अनुविभाग अधिकारी पुलिस पाटन श्री देवांश राठौर एवं नायब तहसीलदार पाटन श्री भूपेन्द्र सिंह को नियुक्त किया गया है। अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग से डाक मतपत्र के द्वारा मतदान हेतु आवश्यक सामग्री प्राप्त कर सुविधा केन्द्र स्थल में मतदान दल को उपलब्ध कराएंगे तथा डाक मतदान पश्चात डाकमतों को सील बंद करके स्ट्रांग रूम कोषालय में जमा करना होगा।

## सेंट्रल ऑब्जर्वरों ने की निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग जिला में निर्वाचन कार्य संपन्न कराने की गई तैयारियों की जानकारी लेने सेंट्रल जनरल ऑब्जर्वर डीएस गंगवार और सेंट्रल स्पेशल व्यय ऑब्जर्वर राजेश टुटेजा ने आज जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की गई निर्वाचन कार्यों की विभिन्न तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक मार्गदर्शन और दिशा निर्देश दिए।



बैठक में सेंट्रल स्पेशल ऑब्जर्वर गंगवार ने जिले के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों के कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों के संबंध में संबंधित निर्वाचन ऑब्जर्वर और रिटर्निंग अफसर से चर्चा कर प्रतिशत कम होने की कारणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश अनुसार मतदाता को वोट देने के लिए प्रेरित करने आवश्यक पहल किया जाए। मतदान केंद्रों में समूचित प्रबंध किया जाए, मतदाता को मतदान केंद्र में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मतदान करने नहीं आने वाले लोगों के साथ रिलेशनशिप मैनेजमेंट डेवलप किया जाए। निर्वाचन काल सेंटर से वोटर के मोबाईल नंबर पर मतदान हेतु प्रेरित करने बार-बार संदेश प्रेषित किया जाए। श्री गंगवार ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशियों से भी कम मतदान वाले केंद्रों में प्रतिशत बढ़ाने उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के संबंध में भी जानकारी ली जाए। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को कम मतदान प्रतिशत वाले केंद्रों में प्रतिशत बढ़ाने उनके द्वारा किए जा रहे विशेष प्रयास की भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने जिले में निर्वाचन से संबंधित की गई तैयारी, निर्धारित कार्ययोजना को लेकर अब तक की गई सभी तरह के उपायों की जानकारी से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले में 6 विधानसभा क्रमशः पाटन, दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई नगर, वैशाली नगर और अहिवारा हैं। इसके अलावा बेमेतरा जिला के साजा एवं बेमेतरा विधानसभा के आंशिक क्षेत्र इस जिले में शामिल हैं। जिले में 1485 मतदान केंद्र हैं, 40062 मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे, 80. वोटर संख्या 14805, दिव्यांग मतदाता संख्या 7752 और 4408 नववधु वोटर हैं। जिले में 60 संगवारी मतदान केंद्र और 30 आदर्श मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। मतदान से संबंधित अधिकारीयों-कर्मचारीयों का प्रथम प्रशिक्षण हो चुका है। एसएसपी श्री आर.जी. गर्ग ने मतदान के दौरान जिले में सुरक्षा व्यवस्था और प्रतिबंधात्मक कार्यवाहीयों के संबंध में अवगत कराया। जिला पंचायत के सीइओ श्री अश्वनी देवांगन ने मतदाता जागरूकता हेतु जिले में चलाई जा रही स्वीप गतिविधियों की जानकारी दी।

### पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी

# रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक पटाखों का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिले में संचालित सभी स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों में आग से बचाव के संबंध में एडवाइजरी जारी किया गया है। जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि आतिशबाजी अज्वलनशील सामग्री से बने शेड/भवन में रखी जाएगी, जो कि बंद और सुरक्षित होगी जिससे कि उसमें अप्राधिकृत व्यक्तियों की पहुंच को रोका जा सके।

कोई भी तेल से जलने वाली लैंप, गैस लैंप या खुली रोशनी शेड में या रोशनी करने के प्रयोजन के लिए शेड के सुरक्षा दूरी के भीतर प्रयोग नहीं की जाएगी। यदि कोई विद्युत रोशनी प्रयुक्त होती है तो उसे दीवार या छत पर स्थिर किया जाएगा और उसे नम्य तार द्वारा



लटकाया नहीं जाएगा।

अनुज्ञप्तिधारी और उनके कर्मचारी परिसर के भीतर आपातकाल के दौरान की जाने वाली प्रक्रियाओं से भलीभांति परिचित होंगे। किसी निरीक्षण या नमूना अधिकारी को अनुज्ञप्त परिसर पर सभी समयों पर पहुंच प्राप्त होगी और ऐसे अधिकारी को यह सुनिश्चित करने के लिए सभी सुविधाएं दी जाएगी कि सभी नियमों और अनुज्ञप्ति की शर्तो का सम्यकतः अनुपालन किया जा रहा है। यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी अनुज्ञप्तिधारक को अनुज्ञप्त परिसरों या मशीनरी, टूल या उपकरण में ऐसी कोई मरम्मत या परिवर्धन या परिवर्तन करने या सिफारिशों को लागू करने को लिखित रूप में सूचित करता है जो ऐसे प्राधिकारी की राय में अप्रतिग्राहय जोखिम कर सकता है और जो परिसर के अंदर या बाहर या व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारक सिफारिशों को निष्पादित करेगा और विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर अनुपालन रिपोर्ट ऐसे प्राधिकारी को देगा।

अग्नि या विस्फोट द्वारा दुर्घटनाओं और विस्फोटकों की हानि, उसमें कमी या चोरी की रिपोर्ट निकटतम पुलिस स्टेशन और अनुज्ञापन प्राधिकारी को तुरंत दी जाएगी। अनुज्ञप्तिधारी रखने और दुकान से ब्रिकी के लिए प्राधिकृत विस्फोटक सूची में यथा उल्लिखित प्राधिकृत आतिशबाजी अनुज्ञत फैक्टरी या कंपनी से खरीदेगा। क्लोरेटयुक्त आतिशबाजी, रंग, स्टार माचिस अन्य प्रकार के आतिशबाजियों से ऐसे मध्यवर्ती विभाजक पदार्थ और कैरेटर ऐसे मध्यवर्ती स्थान अलग की जाएगी, साथ ही एक दूसरे संपर्क में आने से अग्नि या विस्फोट को प्रभावी रूप से रोका जाएगा। आतिशबाजी की सभी बिक्रियां शासन द्वारा निर्धारित परिसर में ही की जाएगी। कोई भी आतिशबाजी, जिसमें क्लोरेट अंतर्विष्ट है, सिवाय कागज कैप या एर्मोसेस या रंगीन माचिस या मुख्य नियंत्रक द्वारा अनुमोदित आतिशबाजी के परिसर में नहीं रखी जाएगी। अनुज्ञप्तिधारी स्टाक में और बिक्री किए गए सभी विस्फोटकों का निर्धारित प्रारूप में अभिलेख और लेखा रखेगा जैसा कि अनुज्ञापन प्राधिकारी उसे समय-समय पर निर्देश दे।

### छात्रों ने मशाल रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**सूरजपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूरजपुर संजय अग्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम संयुक्त कलेक्टर एवं जिला उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओ को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं शत् प्रतिशत मतदान कराने हेतु सूरजपुर जिले के समस्त विद्यालयों एवं आश्रमों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम कराये जा रहे हैं। जैसे स्वीप रैली, मानव श्रृंखला, नुक्कड नाटक, भाषण, स्वीप चित्रकला, स्वीप रंगोली, स्वीप पेंटिंग, स्वीप मेंहदी, मशाल रैली आदि के द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास जारी है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# शराब पीने के दौरान हुआ विवाद, अपनी ही कंपनी के कर्मचारी की कर दी हत्या, तीन गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दो माह पूर्व मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी के अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। प्रकरण में ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक, मुंशी और मृतक के रूम पार्टनर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों ने हत्या कर शव को डबरी तालाब में फेंक दिया था। पुलिस ने आरएसजी यदु ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक संतोष कुमार यदु, दयाराम यादव और आनंद मौर्या को हत्या के केस में गिरफ्तार किया है।

दरअसल 11 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम नकटा कुर्मी डबरी तालाब में अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में तैर रहा है। इसके बाद थाना मंदिर हसौद की टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर मर्ग कायम कर पीएम के लिए भिजवा दिया। पुलिस द्वारा मृतक की पहचान रामनारायण मौर्या (19) निवासी सिंगरौली मध्यप्रदेश के रूप में की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा मृतक के स्वजन सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि मृतक रामनारायण मौर्या ग्राम नकटा मंदिर हसौद स्थित आरएसजी यदु ट्रांसपोर्ट कंपनी में हेल्पर का काम करता था। इसके बाद टीम के सदस्यों ने ट्रांसपोर्ट कंपनी में जाकर मालिक संतोष कुमार यदु सहित अन्य कर्मचारियों से कड़ाई से पूछताछ की।



इस पर आरोपियों ने बताया कि घटना तिथि को मृतक सहित तीनों ट्रांसपोर्ट कंपनी के कमरे में शराब पी रहे थे, इसी दौरान किसी बात को लेकर मृतक का संतोष कुमार यदु, दयाराम यादव एवं आनंद मौर्या के साथ विवाद हो गया। जिस पर तीनों रामनारायण मौर्या के साथ हाथ मुक्का व जूते सहित छोटे गैस सिलेंडर से मारपीट कर उसकी गला-दबाकर हत्या कर दी और शव को तालाब में फेंक दिया।

### दूसरे मामले में लूट के इरादे से ड्राइवर की हत्या

खरोरा इलाके के सारागांव के पास ट्रक ड्राइवर परमेश्वर यादव की हत्या के दो आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। वहीं दो आरोपी फरार हैं। लूट के इरादे से हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार मृतक परमेश्वर सिलतरा से ट्रक में 300 यूरिया बाल्टी लोड करके बलौदाबाजार के लिए निकला था। उसकी 27-28 अक्टूबर की रात सारागांव के पास किसी ने हत्या कर शव को नाली में फेंक दिया था। तीन दिन बाद पुलिस ने शव को बरामद किया। वहीं आरोपित हत्या के बाद ट्रक को आरंग रोड में करमंदी गांव तक ले गए और उसमें भरे 300 बाल्टी यूरिया लेकर फरार हो गए। पुलिस ने सामान भी जब्त कर लिया है।

## खास-खबर



### छट्ठी कार्यक्रम से लौट रही ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त, 10 ग्रामीण घायल

**कोरबा।** छट्ठी कार्यक्रम से वापस लौट रहे ग्रामीणों से भरी ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में ट्रैक्टर में सवार 10 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

रामपुर क्षेत्र के ग्राम चिर्रा निवासी कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर में सवार होकर समीप के गांव में आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए थे। रात में कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वापस लौट रहे थे, तभी उनका ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में ट्रैक्टर में सवार 10 ग्रामीण घायल हो गए। जिन्हें अन्य ग्रामीणों की मदद से उपचार के लिए रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच आमजनता से मुलाकात कर रहे विधायक ननकीराम कंवर को घटना की जानकारी मिली, तब आनन फानन में समर्थकों के साथ धरमजयगढ़ पहुंच गए और घायलों से मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा। साथ ही कोरबा जिला अस्पताल में रेफर करने कहा, ताकि बेहतर उपचार दिलाया जा सके।

### कार की टक्कर से दो स्कूली छात्राएं घायल

**कोरबा (ए)।** एनटीपीसी गेट के पास स्कूल जा रही दो छात्राओं को कार चालक ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों छात्राएं घायल हो गई। जिन्हें राहगीरों ने उपचार के लिए एनटीपीसी के अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने कार चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

दर्री थाना अंतर्गत जमनीपाली में एनटीपीसी कालोनी के प्रवेश द्वार के समीप कार क्रमांक 12 बीके 2290 को लेकर चालक कहीं जा रहा था। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार अधिक थी। जैलगांव प्रेम नगर निवासी दो छात्राएं एनटीपीसी के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करने सुबह साइकिल से जा रही थी, तभी चालक से कार अनियंत्रित हो गई और साइकिल सवार दोनों छात्राओं को टक्कर मार दी। घटना में दोनों छात्राएं घायल हो गई।

दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने दोनों छात्राओं को उठा कर एनटीपीसी के विभागीय अस्पताल भेजा। जहां उनका उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दर्री पुलिस भी स्थल पर पहुंच गई और वैधानिक कार्रवाई के बाद कार को जब्त कर थाना ले गई। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाकारित वाहन पुष्पपल्लव कालोनी के किसी एनटीपीसी कर्मचारी की है, जो परिवार समेत जैलगांव से एनटीपीसी कालोनी जा रहा था, तभी दुर्घटना हो गई।

### पुल से गिरी कार क्षतिग्रस्त बाल- बाल बचा चालक

**कोरबा।** बालको से एनटीपीसी टाउनशिप जा रही एक कार सीएसईबी के पुराना रेलवे ब्रिज के नीचे जा गिरी। घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई, पर चालक बाल- बाल बच गया। बताया जा रहा है कि कार चालक सुशील सेनापति बालको कर्मी है जो बालको से एनटीपीसी अपने घर क्रेटा कार क्रमांक केए 51 एमएल 2685 में जा रहा था। इस दौरान झपकी आने से कार अनियंत्रित होकर दर्री सिंचाई कालोनी के समीप सीएसईबी की पुरानी रेलवे ब्रिज के नीचे 40 फिट नीचे गहरी खाई में जा गिरी। घटना में सुखद पहलू यह रहा कि चालक को किसी तरह की खरोंच तक नही आई, वहीं कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

# ओडिशा से गांजा लेकर एमपी जा रही महिलाओं समेत चार गिरफ्तार



**बिलासपुर (ए)।** मस्तूरी पुलिस ने ओडिशा से गांजा लेकर एमपी जा रही दो महिलाओं समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से रेनाल्ट कार, 27 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया है।

मस्तूरी पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग रायगढ़ की ओर से कार में गांजा लेकर आ रहे हैं। इस पर थाना प्रभारी रविंद्र अनंत ने जवानों को कार्रवाई के निर्देश दिए। टीम ने मोहतरा चौक पर घेराबंदी की। जवानों को देखकर चालक ने कार पाराघाट रोड की ओर मोड़ दी। इसे देख पुलिस की पैट्रोलिंग टीम ने संदिग्ध कार का पीछा किया। मोड़ से थोड़ा आगे जाकर पैट्रोलिंग टीम ने कार को रोक लिया।

कार में सवार मध्य प्रदेश के जबलपुर थाना अंतर्गत पाटन थाना अंतर्गत ग्राम सासन निवासी कमला बाई गोंड़(50), रश्मि पाल(40), अरविंद साहू(28) निवासी ग्राम चमनी थाना बरेला जिला जबलपुर, राहुल झारिया(24) निवासी ग्राम उमरिया थाना रोपरा जिला जबलपुर से जवानों ने पूछताछ की। इसमें सभी गोलमोल जवाब दे रहे थे। जवानों ने कार की तलाशी ली। युवकों ने कार की सीट के नीचे 27 किलो गांजा छुपा रखा था। इसे जब्त कर आरोपित को थाने लाया गया। थाने में आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### जांच से बचने महिलाओं को लिया था साथ में

मस्तूरी थाना प्रभारी रविंद्र अनंत ने बताया कि आरोपित युवक शातिर किस्म के हैं। चुनाव के दौरान कार में जगह-जगह जांच से बचने के लिए उन्होंने महिलाओं को सहयोग के लिए तैयार किया। इसके बाद वे महिलाओं को लेकर ओडिशा गए थे। ओडिसा में गांजा लेकर वे पुलिस की जांच से बचते हुए मस्तूरी तक पहुंच गए थे।

# घरघोडा पुलिस ने किराना दुकान से एक लाख का पटाखा किया जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** अवैध रूप से किराना दुकान पर पटाखा बेचे जाने की सूचना पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा दबिश दी गई। इसमें एक लाख रुपये का अवैध पटाखे जब्त कर किराना दुकान के संचालक पर विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।



जानकारी के मुताबिक 05 नवंबर को थाना प्रभारी घरघोडा शरद चन्द्रा को सूचना मिला कि ग्राम टेरम में सोनू किराना स्टोर के संचालक द्वारा अपने दुकान में अवैध रूप से फटाखा विस्फोटक सामाग्री रखा हुआ है। सूचना पर तत्काल घरघोड़ा पुलिस की टीम सोनू किराना स्टोर के संचालक शुभम अग्रवाल उर्फ सोनू पिता घासीराम अग्रवाल 31 सा ढोरम, थाना घरघोडा हामु कृष्णा विहार कालोनी भगवानपूर रायगढ के किराना स्टोर पर दबिश दी गई। विभिन्न कंपनियों की पटाखा करीब एक लाख रुपये का जब्त किया गया हैं। आरोपित के विरूद्ध विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक राकेश राठौर, आरक्षक कन्हैया भगत, देवनंदन राठिया, प्रहलाद भगत महिला आरक्षक लीना श्रीवास की शमिल रही।

# रायगढ़ पुलिस ने चोरी ट्रैक्टर बरामद कर 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायगढ़ (ए)।** बीते 26 अक्टूबर को ग्राम धनगर से चोरी ट्रैक्टर को थाना कोतरारोड पुलिस ने लैलूंगा पुलिस की मदद से लैलूंगा थाना क्षेत्र में ढूंढ निकाली । मामले में कोतरारोड़ पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के आरोपी समेत चोरी ट्रैक्टर ट्राली की खरीदी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

ट्रैक्टर चोरी को लेकर 31 अक्टूबर को थाना कोतरारोड़ में ग्राम धनागर के विकास अग्रवाल द्वारा उसकी ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 ए.क्यू. 6393 के 26 अक्टूबर की रात उसके घर के सामने दुकान से कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। कोतरारोड़ पुलिस अज्ञात आरोपी पर वाहन चोरी (धारा 379 आईपीसी) का अपराध दर्ज कर माल मुल्जिम की पतासाजी में जुड़ गई ।

थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक विजय चेलक के हमराह विवेचना क्रम में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास के फुटेज चेक किये गये जिसमें घटना दिनांक को एक व्यक्ति मुंह में कपड़ा बांधे हुए ट्रैक्टर को चोरी कर चलाते हुए ले जाते दिखा, उसके साथ एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में साथ-साथ जा रहा था । सीसीटीवी फुटेज को आगे चेक करने पर दोनों आरोपी NH-49 होते लैलूंगा क्षेत्र की ओर जाते दिखे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन पर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज भी लैलूंगा क्षेत्र में संदेहियों की पतासाजी कर रहे थे जिन्हें मुखबीर से एक चोरी ट्रैक्टर ट्राली को ग्राम खेड़आमा का लीलांबर चौहान द्वारा बैस्कीमुड़ा में बेचने के संबंध में सूचना मिला। तत्काल थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा अपने स्टाफ को खेड़आमा भेजा गया और थाना प्रभारी कोतरारोड़ से जानकारी साझा किये। कोतरारोड पुलिस द्वारा ग्राम खेड़आमा के लीलांबर चौहान को हिरासत में लेकर चोरी ट्रैक्टर के संबंध में कड़ी पूछताछ किया गया।

# बाइक सवारों को बोलेरो ने मारी ठोकर दर्दनाक हादसे में मां की मौत, बेटा गंभीर

**मुंगेली।** जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों जो ठोकर मारी दी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर मौत हो गई जबकि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। यह मामला तखतपुर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के अनुसार, बोलेरो वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक सवार मां-बेटे को अपने चपेट में ले लिया। हादसे में मौके पर ही अधेड़ महिला की मौत हो गई और बेटे को गंभीर चोट आई है। बताया जा रहा है कि मृतिका अपने बेटे के साथ बाइक से लोन का पैसा निकलवाने तखतपुर जा रही थी। तभी मोढ़े मार्ग के पास घटना हुई। शव का पंचनामा कार्रवाई पुलिस ने बॉडी को पोस्टमार्टम के लिया भेजवा दिया है। मामले में पुलिस आगे कार्रवाई में जुटी हुई है।

### देर रात तेज आवाज में बजाई डीजे, संचालक अभिषेक गिरफ्तार

**जांजगीर-चाम्पा।** जिला पुलिस द्वारा देर रात्रि में डीजे बजाने एवम अत्यधिक आवाज में डीजे बजाने वाले के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में थाना जांजगीर पुलिस को 05.11.23 को सूचना मिला की थाना जांजगीर क्षेत्रातर्गत ग्राम पिसौद में रात्रि में बहुत ही तेज अवाज में डीजे बजाया जा रहा है कि सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर पाया गया कि शंकर मोहल्ला ग्राम पिसौंद में देर रात्रि में डीजे साउण्ड अत्यधिक आवाज में बज रहा था।

# 19 दिन से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही घायल छात्रा ने तोड़ा दम

**बिलासपुर (ए)।** बिलासा कन्या कालेज के सामने तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर घायल छात्रा ने 19 दिन बाद उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना में आठ छात्राओं को चोटें आई थीं। इनमें से एक के सिर और चेहरे में गंभीर चोटें थीं। मामले में पुलिस ने कार जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच सिविल लाइन पुलिस कर रही है।

रतनपुर निवासी विकास रावत अपने परिचित आदतन बदमाश दिलीप बंजारे की कार को लेकर घूमने निकला था। राजेंद्र नगर चौक की ओर से आ रहे विकास ने बिलासा कन्या कालेज से निकल रही छात्राओं की भीड़ पर कार चढ़ा दी। हादसे में कालेज के सामने खड़ी चकरभाठा निवासी हेमा वर्मा, हेमा राठिया, उमा भारती नायक, मंगलमनि भगत, प्रियंका यादव समेत आठ छात्राओं को चोटें आईं। इधर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। आसपास के



लोगों ने कार चला रहे विकास रावत को पकड़ लिया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हेमा समेत अन्य छात्राओं को अस्पताल भेजा। हेमा की स्थिति देखते हुए उसे अपोलो अस्पताल रेफर किया गया। स्वजन उसे अपोलो से लेकर निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां स्थिति में सुधार नहीं होने पर हेमा को रायपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के 19 दिन बाद हेमा ने रायपुर के निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया।

**छात्राएं कर रही थीं प्रार्थना:-** हादसे के बाद हेमा की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी। उसकी सलामति के लिए कालेज की छात्राएं प्रार्थना कर रही थीं। साथ ही इलाज के लिए मदद भी की गई। इसके बाद भी उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। हेमा के सिर और चेहरे में गंभीर चोटें आई थीं। इसके कारण उसे वेंटिलेटर पर रखा गया था। सोमवार को हेमा की मौत की जानकारी मिलते ही कालेज में सन्नाटा पसर गया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026,
8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### सतर्कता जागरुकता सप्ताह - 2023 के तहत एथिक्स क्लब ऐक्टिविटीस का आयोजन

**भिलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरुकता सप्ताह - 2023 के तहत सुनीति उद्यान सेक्टर-8 में बीएसपी स्कूल के बच्चों के लिए एथिक्स क्लब ऐक्टिविटीस का आयोजन 5 नवंबर 2023 को किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, मुख्य महाप्रबंधक जे वाई सपकाले तथा महाप्रबंधक सुश्री शिखा दुबे उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न शालेय छात्रों द्वारा नैतिक मूल्यों पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समारोह के प्रारंभ में शालेय बच्चों द्वारा स्वागत गीत के साथ उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने शालेय छात्रों द्वारा चित्रित नैतिकता और अखंडता पर संदेशों की समीक्षा करने के बाद, एथिक्स क्लब का ध्वज वंदन किया। एथिक्स क्लब के इस आयोजन में एथिक्स क्लब के सदस्य बच्चों द्वारा विभिन्न 12 नैतिक मूल्यों पर विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के दौरान, नैतिकता के 12 स्मारकों-अखंडता, देशभक्ति, सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्षता, सादगी, ईमानदारी, प्रेम, करुणा, जिम्मेदारी, सम्मान, अहिंसा और एकता के बारे में विस्तार से बताया। किए। इसके बाद छात्रों द्वारा ष्नीति-गानष् किया गया और नैतिकता की शपथ दिलाई गई।

### सार्वजनिक स्थानों पर लगे प्रचार सामग्री को निगम की टीम कर रहे जप्त

**भिलाई ।** भिलाई निगम की टीम वैशालीनगर एवं भिलाईनगर विधानसभा क्षेत्र से अब तक 11 हजार से अधिक राजनैतिक प्रचार सामाग्री को सम्पत्ति विरूपण के अधीन कार्रवाही कर हटाया है। भिलाई निगम क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने निगम प्रशासन जुटा हुआ है और क्षेत्र में घूम घूम कर निगम का अमला राजनैतिक पार्टियों द्वारा सार्वजनिक स्थान पर किए गए वॉल राईटिंग को मिटाने के साथ ही प्रचार के लिए लगाए गए होर्डिंग्स, फ्लेक्स को निकालकर जप्त कर रहे है। शासकीय भवन, बिजली खंभे, पेड़ पौधों में लगे राजनीतिक विज्ञापनों को संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत हटाया जा रहा है। भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अधिकारी कर्मचारियों की टीम बनाई गई है जो अलग अलग पाली में शहर का भ्रमण करते हुए नियमों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान से 7 हजार झंडे बैनर तथा निजी संपत्ति से 5 हजार से अधिक प्रचार सामग्री जप्त कर चुके है। निगम के सभी जोन आयुक्त, जोन सहायक राजस्व अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी की टीम प्रतिदिन सुबह मॉर्निंग विजिट कर रहे है। जोन की टीम सुबह से जोन क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान केन्द्र, बेनर, पोस्टर, दीवार लेखन, एल.ई.डी. स्क्रीन, झण्डे की जॉच कर रहे है।

# भाजपा पर बरसे सीएम बघेल, बोले- 15 साल में कुछ नहीं किया और अब भाजपाई कर रहे गुमराह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीगसढ़ में विधान सभा चुनाव को लेकर कांग्रेस व भाजपा में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। वहीं प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार भी जोरो पर है। इसी कड़ी में सोमवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दुर्ग जिले में एक के बाद एक चुनावी सभाएं ली। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में सभा के बाद सीएम भूपेश बघेल वैशाली नगर व भिलाई विधानसभा में भी आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र की भाजपा सरकार व प्रदेश में 15 साल राज करने वाली रमन सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों तक छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार ने कुछ नहीं किया और अब भाजपाई जनता को गुमराह कर रहे हैं।**

सीएम भूपेश बघेल ने इससे पहले दुर्ग ग्रामीण, वैशाली नगर में भी आमसभा को संबोधित किया। उनकी सभा के दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। वैशाली नगर में आमसभा के बाद सीएम बघेल छावनी रवाना हुए। छावनी के बाद सीएम भूपेश बघेल ने अहिवारा विधानसभा में भी सभा को संबोधित किया। छावनी में आमसभा को संबोधित करते हुए सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि भाजपा ने जनता के हित और विकास के बारे में कभी नहीं सोचा और अब जब चुनाव आया है तब लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा छावनी और खुर्सीपार में इन पांच सालों में जितना विकास हुआ है उतना विकास आज तक के इतिहास में कभी नहीं हुआ।

## विधायक देवेन्द्र बोले-छावनी और खुर्सीपार के हर परिवार को मिलेगा पट्टा




### केन्द्र सरकार को 500 रुपए में सिलेण्डर पूरे देश में देना चाहिए

आमसभा के दौरान सीएम भूपेश बघेल भाजपा की 500 रुपए में सिलेण्डर देने की घोषणा पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केन्द्र में भाजपा की सरकार है और केवल छत्तीसगढ़ में 500 रुपए में सिलेण्डर देने का वादा कर रहे हैं। यदि केन्द्र की मंशा है तो पूरे देश में 500 रुपए में सिलेण्डर दे। अब तक मोदी की सरकार क्या कर रही थी जब लगातार सिलेंडर के दाम बढ़ रहे थे। जो 450 रुपए का सिलेंडर आज 1100 रुपए 1200 में हमारी माता और बहनों को खरीदना पड़ रहा है। भाजपा सिर्फगुमराह कर सकती है जनता के हित में कोई काम नहीं कर सकती है। मोदी ने घोषणा किया था 2 करोड़ नौकरियां देंगे सालों बीत गए लेकिन दो करोड़ युवाओं को नौकरी नहीं मिली।

### खुर्सीपार और छावनी की पूरी तस्वीर बदल दी : देवेन्द्र यादव

आम जनता को संबोधित करते हुए सभा में विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि हम लगातार छावनी में विकास कार्य करते आए हैं। आज खुर्सीपार और छावनी की पूरी तस्वीर बदल दी गई है यहाँ के सभी तालाबों के सौंदर्य करण से लेकर खेल मैदान, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल कॉलेज का डेवलपमेंट और छात्र-छात्राओं के लिए विशेष सुविधाएं, जिले की सबसे बड़ी और हाईटेक लाइब्रेरी हमने खुर्सीपार में खोली है। इसके अलावा और भी कई विकास कार्य क्षेत्र में हमने इन 5 सालों में किए है और आने वाले समय में आप लोगों के आशीर्वाद से हमारी सरकार बनेगी तो और भी विकास कार्य करेंगे। रही बात छावनी क्षेत्र और खुर्सीपार के लोगों को पट्टा वितरण करने की तो अब तक 300 लोगों को हमने पट्टा का लाभ दिया है और 1700 लोगों का सर्वे में नाम है जितने भी परिवार का सर्वे में नाम है सभी परिवार को आने वाले दिनों में कांग्रेस के सरकार बनेगी तब सभी लोगों को पट्टा देंगे।

# दुर्ग ग्रामीण में सीएम भूपेश ने कहा इस बार 75 सीटें जीतकर राज्य में बनाएंगे सरकार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव सोमवार को दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंतर्गत ग्राम कुथरेल के राम लीला मैदान में आयोजित सभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघले पहुंचे। इस मौके पर सीएम बघेल ने दावा किया कि इस समय पूरे राज्य के वोटरों में कांग्रेस को लेकर जबरदस्त उत्साह है। इस बार पहले से भी बड़ी जीत होगी। चाहें श्वष्ठ और द्बञ्ज जितने छापे मारे, पिछली बार हमने 68 सीटें जीती थीं, इस बार 75 पार करेंगे। सीएम भूपेश बघेल ने कहा की उनकी सरकार ने राज्य के हित, विकास और उन्नति के लिए काम किया है। यहां की सरकार ने किसानों का कर्जा माफ़किया, बिजली बिल हाफ किया।**



महिलाओं को निर्भर बनाया। आदिवासियों के विकास के लिए तमाम योजनाएं लाए। तेंदू पत्ता का उचित दाम दिया। फ्सलों का एमएसपी बढ़ाया और खरीदा भी। सीएम ने कहा कि हमने पिछले चुनाव में जितने भी वादे किए, उन्हें पूरा करके दिखाया। अब इस बार हम नए वादे कर रहे हैं, उन्हें भी पूरा करके दिखाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा के वादे के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि आज के समय में बिना शिक्षा के विकास संभव नहीं है। इसी को ध्यान में रखते हुए हम अगली सरकार में केजी से लेकर पीजी तक सरकारी स्कूल में मुफ्त शिक्षा छात्रों को प्रदान कराएंगे।

चुनावी सभा में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की आप सभी ने मुझे पांच साल पूर्व अपना आशीर्वाद देकर इस क्षेत्र का विधायक और मंत्री बानाए जैसा की में हमेशा कहता हूं की में राजनीति रिश्ता नहीं बल्कि आप सभी से परिवारिक रिश्ता बनाता हूं। इस बार भी मुझे आप सभी का सेवा करने का आशीर्वाद प्रदान करें। आप सभी जानते है की इन 5 साल में 2 साल करोना काल के बाद भी निरंतर विकास कार्य हुआ है जैसे की नया रिसाली नगर निगम बनाने के साथ सभी वार्डो में करोड़ों रुपए की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराया साथ ही इस क्षेत्र में सभी सड़क, स्कूल, अस्पताल, कालेज स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जैसे विभिन्न विकास काम हुआ है आगे कहा की आगामी 17 नवंबर को मतदान है आप सभी पंजा छाप पर बटन दबाकर फ्रि एक बार कांग्रेस सरकार बनाना है फ्रि से कांग्रेस सरकार बनाना है । 'उनकी सरकार ने राज्य के हित, विकास और उन्नति के लिए काम किया।

### पहले की तरह किसानों का कर्ज माफहोगा

'चत्न से क्क्त तक नि:शुल्क शिक्षा मिलेगी, मेडिकल और इंजीनियरिंग भी गैस सिलेंडरों पर 500 प्रति सिलेंडर सब्सिडी महिलाओं के खातों में जमा होंगे+ 200 यूनिट तक मिलेगी बिजली मुफ्त 17.5 लाख गरीब परिवारों को मिलेगा खुद का आवास,गरीब परिवारों को 10 लाख तक,,क्क परिवारों को 5 लाख तक इलाज की सहायता,भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में 7,000 की जगह अब 10,000 सालाना, महिला स्व सहायता समूहों तथा सक्षम योजनांतर्गत लिए ऋण होंगे माफ राज्य के सभी शासकीय स्कूलों का होगा स्वामी आत्मानंद स्कूलों में अपग्रेडेशन,700 नए ग्रामीण औद्योगिक पार्कों (रीपा) की करेंगे स्थापना,सड़क एवं अन्य आकस्मिक दुर्घटनाओं पर होगा नि:शुल्क इलाज परिवहन व्यवसायियों के ?726 करोड़ का बकाया कर्ज होगा माफ जातिगत जनगणना करवाई जाएगी

### भाजपा कर रही ED, IT राजनीति

सीएम बघेल ने मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि उनके इशारे पर ED, IT राजनीतिक बदले की भावना से छापे मार रही है। रायपुर, दुर्ग, भिलाई, कोरबा, रायगढ, बिलासपुर में पता कर लीजिए, जितना मुहल्ले में कुत्ते बिल्ली नहीं घूम रहे हैं, उससे ज्यादा ये (ED वाले) घूम रहे हैं। धान की खरीद के मामले में बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झूठ कहने का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में किसानों से धान की खरीद राज्य सरकार करती है, न कि केंद्र सरकार। राज्य सरकार धान की खरीद करने के बाद उनकी नीलामी कराकर बेचती है, और जो भी घाटा होता है, उसका वहन करती है। दूसरी बार कांग्रेस सरकार आएगी फ्रि आप सभी किसानों का कर्ज माफहोगा।

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकार, जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा प्रभारी झुमुक लाल साहू, अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र साहू,महापौर रिसाली शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, डिकेंद्र हिरवानी, जगदीश दीपक साहू, राजेंद्र रजक,रिवेंद्र यादव,जिला सभापति योगिता चंद्राकार, लक्ष्मी साहू, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकार, लोकसभा प्रभारी बिंदिया, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष पुकेश चंद्राकार,बहादुर नेताम, अध्यक्ष ब्लॉक शहर मुकुंद भाऊ, महिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पा साहू, लोकनाथ साहू, दिवाकर गायकवाड़, गोपेन्द्र किशोर बेलचंदन, अश्वनी चंद्राकार, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, सरपंच ग्राम पंचायत कुथरेल प्रेरणा राजश्री चंद्राकार, टिकेश्वरी लाल देशमुख सहित कांग्रेस कार्यकर्ता व आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विधायक की विश्वास यात्रा को भरपूर समर्थन, भिलाई की भलाई और जनता की सेवा ही मेरा धर्म- देवेन्द्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर विधायक और कांग्रेस के दमदार प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव लगातार विश्वास यात्रा निकाल रहे है। 6 नवंम्बर को विधायक श्री यादव ने सेक्टर 1,4,6,7, 10 और हुडकों में विश्वास यात्रा निकाली। जहां जनता ने श्री यादव पूरा पूरा विश्वास जताया और अपना भारी समर्थन दिया। सिर्फयही नहीं सेक्टर 4 की बहनों ने अपने विधायक भाई के हाथों में विश्वास की मजबूत डोर रक्षा का बंधन बांधा और श्री यादव को भी बहनों ने विश्वासन दिलाया कि वे हमेशा उनके साथ है।**






हर दुख सुख जब जिस तरह से विधायक भाई ने बहनों का साथ दिया अब बहनों की बारी है साथ निभाने की और वे विश्वास के साथ उनके साथ खड़ी है। यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। उनके मिलने के लिए हजारों की संख्या में बड़े बुजुर्ग, माताएं-बहनें और हजारों की संख्या में युवा व बच्चे भी शामिल हुए।

कई जगह पर विधायक का लोगों ने स्वागत किया। पुष्प अर्पित किए और विजय तिलक लगाकर आरती उतार कर माताओं और बहनों ने विधायक श्री यादव को जीत का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि जनता का प्रेम और विश्वास ही हमारी असली पूंजी है। भिलाई की भिलाई और जनता की सेवा ही मेरा परम धर्म है। मैंने पूरी इमानदारी और निष्ठा से अपने भिलाई की जनता के लिए काम किया। हमेशा उनके लिए अवलेबल रहा। इन 5 साल में कोई घर कोई वार्ड कोई गली मोहल्ला विकास से चुके मत, कोई छूटे मत।

हर वार्ड में विकास काम हो। जनता को पूरा मूलभूत सुविधा मिले। इस बात का मैंने पूरा ख्याल रखा। कई बार लोगों के घर-घर जाकर लोगों का हालचाल और उनकी समस्याएं पूछी और समाधान भी किए। भिलाई की जनता जानती है कि जब कोरोना काल में लोगों के परिजन उनका साथ छोड़ दे रहे थे, तब भी मैं अपनी जान हथेली पर लेकर लोगों की मदद की। तीन बार मैं कोरोना पाजिटिव हुआ। तीनों बार डॉक्टरों अस्पताल में भर्ती किया। जान पर बन आई थी, लेकिन ऊपर वाले ने मुझे ताकत दी और अपने आशीर्वाद से तीनों बार मुझे बचा लिया। विधायक के विश्वास यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। जब देवेंद्र यादव सेक्टर में पहुंचे तो लोगों का भीड़ अपने आप ही उमड़ आई। लोगों ने उनका पूरा समर्थन किया और नारे लगाए भूपेश है तो भरोसा है देवेंद्र है तो विश्वास है। जनता ने देवेंद्र यादव पर पूरा विश्वास जताया। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने जो कहा था कर के दिखाया। हमने कहा था हर परिवार का राशन कार्ड बनेगा। हर घर में शुद्धा पानी देंगे। सभी को पट्टा मिलेगा। टाउनशिप में क्रिकेट, फुटबॉल, बॉलीबॉल जैसे कई खेल मैदान बनाएं गए। महिलाओं को सशक्त बनाने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने महिलाओं के लिए प्रदेश का दूसरा और सबसे बड़ा गार्मेंट फैक्ट्री बनाया जा रहा है। जहां 5 हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा।

### आप सब को प्रेम और आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी

इस अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि आप सभी का प्रेम और विश्वास और आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी है। आप सब ने मुझे जो आशीर्वाद दिया, इस काबिल बनाया कि मैं आप सब की सेवा कर सकूं। पहले भी मैं आप सब को तहे दिल से पूरी सिद्दत और इमानदारी से भिलाई की भलाई और महिलाओं के आत्मसम्मान, यहां के बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए काम किया। आत्मानंद स्कूल से लेकर कॉलेज, लाइब्रेरी, खेल मैदान बनाएं। आगे भी आप सब के आशीर्वाद से सेवा करता रहूंगा और हम सब मिलकर भिलाई को खुशहाल और समृद्ध बनाएं।




# मतदाता जागरुकता के लिए इस्पात नगरी में विशाल मानव श्रृंखला बनाई गई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। आगामी विधानसभा चुनाव-2023 और 17 नवम्बर को मतदान करने को ध्यान में रखते हुए मतदाता जागरुकता हेतु भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गतिविधियों की इस श्रृंखला में 6 नवम्बर, 2023 को इक्विपमेंट चैक से सेक्टर-1, बीएसएनएल चैक के बीच शाम 4.30 बजे से 5.30 बजे तक लगभग 1500 से अधिक अधिकारी, कार्मिक व ठेका श्रमिकों ने मानव श्रृंखला बनाई।**

इस अवसर पर मानव श्रृंखला में एकत्रित सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए और श्रृंखला में कड़ी के रूप में संयंत्र के कार्यपालक निदेषक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक , डॉ ए के पंडा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन), पवन कुमार सहित संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधकगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

इस मानव श्रृंखला में संयंत्र के अधिकारियों एवं कार्मिकों के अलावा ऑफिसर्स एसोसिएषन के पदाधिकारीगण, सेफी के चेयरमेन एवं ओए के अध्यक्ष एन के बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, सेफी नॉमिनी अजय कुमार, बीएसपी एससी/ एसटी कर्मचारी एसोसिएषन, ठेका श्रमिक, डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएषन, बीएसपी नॉन अधिषासी कर्मचारी संघ के साथ भिलाई इस्पात संयंत्र की प्रमुख श्रमिक संघों बीएमएस, इंटक, भिलाई वर्कर्स यूनियन, इस्पात श्रमिक मंच, सीटू, एटक, एक्टू, एचएमएस, लोइमु के पदाधिकारी और भारी संख्या में इस्पात बिरादरी के सदस्य उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950